वर्ष-14 - अंक 130
पृष्ट-08 मूल्य : 02 रुपया

सीतापुर
बुधवार,19 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें....... 9511151254



अखंड रामायण पाठ के समापन पर भव्य भंडारा, उमड़े ............... 3
'दिमागी नक्सली' यानी सियासी तापमान बढ़ाने वाले शब्द................ 4
दक्षिण भैरबपुर फुटबॉल टूर्नामेंट को 2-0 गोल की मुकाबले में राइजिंग ..................... 08

# नोएडा में डेढ़ करोड़ की चोरी का खुलासा, छह आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा(एजेंसी)।** सेक्टर-25 स्थित एक गैराज से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की नकदी चोरी के मामले का नोएडा पुलिस ने खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 48 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद रकम में 500-500 रुपये के नोटों की 296 गड्डियां शामिल हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर प्लेट की कार भी बरामद की गई है। भारी मात्रा में नकदी मिलने के बाद पुलिस मामले में आयकर विभाग से भी पत्राचार करने की तैयारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक, थाना सेक्टर-20 की टीम ने 18 अगस्त को स्थानीय सूचना और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को रजनीगंधा चौराहे से फिल्मसिटी की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन उर्फ शिवम उर्फ कांचा, अवनीश कुमार, जितेंद्र कुमार, सुमित कुमार, अनिल कुमार और नीशू चौहान के रूप में हुई है। जांच में पुलिस के सामने आया कि मामले का मुख्य आरोपी अवनीश कुमार अपने कुछ साथियों के साथ सीए फर्म के माध्यम से निवेश के नाम पर लोगों से रकम जुटाने का काम करता था। वह पिछले करीब एक साल से ट्रेडिंग प्रॉफिट फंड (टीपीएफ) में भी काम



कर रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने लोगों से निवेश के नाम पर बड़ी रकम जुटाई थी। जिस 1.48 करोड़ रुपये की चोरी हुई, वह रकम शिकायतकर्ता से निवेशक उपलब्ध कराने के नाम पर आशीष ने ली थी। अवनीश का दावा था कि उसे अपनी लगाई रकम वापस नहीं मिल रही थी। इसी के बाद उसने रकम वापस हासिल करने के लिए चोरी की योजना बनाई। पुलिस के मुताबिक, अवनीश ने अपने साथियों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर सेक्टर-25 स्थित आशीष के गैराज को निशाना बनाया और वहां रखी भारी मात्रा में नकदी चोरी कर ली। स्थानीय सूचना और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों तक पहुंच बनाई और उनके कब्जे से लगभग पूरी रकम बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार, 33 वर्षीय अवनीश कुमार बीएससी पास है और पिछले एक वर्ष से टीपीएफ में काम कर रहा था। 28 वर्षीय पवन उर्फ शिवम उर्फ कांचा दिल्ली-एनसीआर और मथुरा में टैक्सी चलाता था। 24 वर्षीय जितेंद्र कुमार शराब की दुकान पर सेल्समैन है, जबकि 22 वर्षीय सुमित कुमार निजी नौकरी करता है। 22 वर्षीय अनिल कुमार भी शराब की दुकान पर सेल्समैन बताया गया है। वहीं 29 वर्षीय नीशू चौहान खेती का काम करता है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। पवन के खिलाफ मथुरा के राया और छाता थानों में शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम, चोरी का माल रखने, अपहरण और मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार ये मामले वर्ष 2015 से 2025 के बीच दर्ज हुए हैं। इसी तरह अनिल के खिलाफ हाथरस में एनडीपीएस अधिनियम और आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज बताए गए हैं। जितेंद्र के खिलाफ बुलंदशहर के अरनिया थाने में एनडीपीएस और गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हैं। करीब डेढ़ करोड़ रुपये नकद बरामद होने के बाद पुलिस अब चोरी की घटना के साथ-साथ रकम के स्रोत की भी जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि निवेश के नाम पर कितने लोगों से पैसा लिया गया था और इतनी बड़ी रकम का वास्तविक स्रोत क्या था। भारी मात्रा में नकदी बरामद होने के कारण पुलिस आयकर विभाग से भी पत्राचार करेगी। साथ ही फरार बताए जा रहे अन्य लोगों की भूमिका और पूरे निवेश नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। डीसीपी नोएडा साद मियां खान के मुताबिक, गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया, सरकार जवाब दे : तेजस्वी यादव

## पेपर लीक, बेरोजगारी और भर्ती में कथित अनियमितताओं के खिलाफ 19 अगस्त को राजभवन मार्च का ऐलान

**पटना(एजेंसी)।** राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने छात्रों पर गोली चलाए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सवाल उठाया कि छात्रों पर एके-47 से गोली चलाने का आदेश किसने दिया था। तेजस्वी ने इस मामले में न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा कि सरकार को फायरिंग की पूरी घटना और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका स्पष्ट करनी चाहिए। पटना में मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि कई दिनों से सरकार और प्रशासन से पूछा जा रहा है कि छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसके निर्देश पर दिया गया, लेकिन मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से अब तक स्पष्ट जवाब नहीं आया है। उन्होंने दावा किया कि पेपर लीक के विरोध में हुए आंदोलनों के दौरान कई स्थानों पर छात्रों पर लाठीचार्ज और फायरिंग की गई तथा बड़ी संख्या में छात्रों को गिरफ्तार किया गया। तेजस्वी ने कहा कि सीवान के तीन छात्रों को गोली लगी थी और उन्होंने उनसे मुलाकात की है। उन्होंने पुलिस पर अनावश्यक फायरिंग करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि संसद में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने गोली नहीं चलाए जाने की बात कही थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट में बिहार सरकार की



ओर से दाखिल हलफनामे में फायरिंग का उल्लेख सामने आया है। उन्होंने सरकार से इस विरोधाभास पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के अधीन है, लेकिन घायल छात्रों से मुख्यमंत्री या गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने मुलाकात नहीं की। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि केवल एक सिपाही को निलंबित कर मामले को समाप्त करने का प्रयास किया गया, जबकि एके-47 जैसे हथियार के आवंटन और इस्तेमाल से जुड़ी पूरी कमांड चेन की जांच होनी चाहिए। तेजस्वी यादव ने मांग की कि घटना की न्यायिक जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों को निलंबित किया जाए और यह सार्वजनिक किया जाए कि फायरिंग में कितने राउंड गोलियां चलीं तथा कितने कारतूस जारी किए गए थे। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि भीड़ नियंत्रण के दौरान एके-47 के इस्तेमाल की अनुमति थी या नहीं और संबंधित पुलिस अधीक्षक के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। नेता प्रतिपक्ष ने बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैट्रिक, इंटर और बीपीएससी समेत विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन जिम्मेदारी तय नहीं की जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और रोजगार के वादे पूरे नहीं हुए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि पेपर लीक, बेरोजगारी, भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में 19 अगस्त को राजभवन मार्च निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि मार्च राजद कार्यालय से शुरू होकर इनकम टैक्स चौराहा और बेली रोड होते हुए राजभवन पहुंचेगा। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन बताया। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि मार्च से पहले छात्रों को हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पटना कॉलेज के निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष सुदर्शन को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। उन्होंने युवाओं से मार्च में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि बिहार के युवाओं को शिक्षा, रोजगार और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया चाहिए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हरियाणा रोडवेज में 700 कंडक्टरों की भर्ती, 500 इलेक्ट्रिक बसें आएंगी

**चंडीगढ़।** यात्रियों की सुविधा और हरियाणा रोडवेज की सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। परिवहन मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को अगले एक माह में रोडवेज का मोबाइल ऐप शुरू करने, करीब 700 नए कंडक्टरों की भर्ती करने और 500 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चंडीगढ़ में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यात्री सुविधाओं और परिवहन व्यवस्था में सुधार की विस्तृत समीक्षा की। मंत्री ने बताया कि रोडवेज का नया मोबाइल ऐप हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी भाषा में उपलब्ध होगा। यह एंड्रायड और आईओएस दोनों पर चलेगा। ऐप के जरिए यात्रियों को बसों की लाइव लोकेशन, निर्धारित बस अड्डे पर पहुंचने का समय, किराया और अन्य जरूरी जानकारी मिल सकेगी। डिजिटल क्यूआर कोड और कार्ड जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। विज ने ऐप का जल्द परीक्षण कर इसे अगले एक माह के भीतर शुरू करने को कहा। साथ ही, बसों के अनधिकृत स्थानों पर ठहराव की जानकारी भी ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### मास्को पर यूक्रेन का दो वर्षों में सबसे बड़ा ड्रोन हमला

**मास्को ।** रूस की राजधानी मास्को पर यूक्रेन ने बड़ा ड्रोन हमला किया है। ये पिछले दो वर्षों में किया गया सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। शहर के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम से मंगलवार सुबह पांच बजे तक मॉस्को क्षेत्र की ओर 620 मानवरहित विमान पहुंचे, जिनमें से 180 को रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया। सोबयानिन ने कहा, ' जहां ड्रोन का मलबा गिरा उन स्थलों पर आपातकालीन दल काम कर रहे हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, हमले में किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है।' हवाई हमले के खतरे को देखते हुए मास्को के वनुकोवो, झुकोव्स्की और डोमोडेदोवो हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया। वहीं, शेरेमेत्येवो हवाई अड्डे पर भी आंशिक प्रतिबंध लगाए गए। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी। मॉस्को पर ड्रोन हमले का पिछला रिकॉर्ड रविवार रात बना था, जब करीब 600 ड्रोन के जरिए रूसी राजधानी को निशाना बनाए जाने की सूचना मिली थी। महज दो दिनों के भीतर यह दूसरा बड़ा ड्रोन हमला है, जिससे रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में हवाई हमलों की तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को वितरित की गई शैक्षिक सामग्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को इज़हार मेमोरियल सोसायटी की ओर से किन्हौटी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को विभिन्न प्रकार की शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सोसायटी के पदाधिकारियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी पढ़ाई में सहयोग करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सोसायटी के सदस्यों ने बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से बच्चे अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों को उनकी पढ़ाई में उपयोगी शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराई गई। सामग्री मिलने पर बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। सोसायटी के पदाधिकारियों ने बच्चों से कहा कि वे उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ग्रामीण भी मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए सोसायटी की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी जनहितकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जाएगा।

**सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सोसायटी के पदाधिकारियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यति के विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी पढ़ाई में सहयोग करना समाज की सामूहिक जिमेदारी है।**

# राजस्थान के कपड़ा उद्योग को मिलेगी नई दिशा

**जयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान के टेक्सटाइल उद्योग को पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ बनाने की दिशा में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से 19 अगस्त को राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 'सर्कुलरिटी इन टेक्सटाइल सेक्टर-सस्टेनेबिलिटी के लिए श्रेष्ठ प्रथाएं और सर्कुलर इकोनॉमी के लिए नई तकनीक' विषय पर होने वाली यह कार्यशाला राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित होगी। यह आयोजन 15 से 18 सितंबर 2026 तक गांधीनगर, गुजरात में होने वाले 10वें वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम-2026 के पूर्व कार्यक्रम के रूप में किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य टेक्सटाइल उद्योग में अपशिष्ट प्रबंधन, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) और आधुनिक पर्यावरणीय तकनीकों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। कार्यशाला का उद्घाटन अतिरिक्त मुख्य सचिव, खान एवं पेट्रोलियम विभाग तथा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अध्यक्ष अपर्णा अरोरा करेंगी। सदस्य सचिव कपिल चन्द्रवाल स्वागत उद्बोधन देंगे। कार्यशाला में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी), मुंबई के विशेषज्ञों के साथ गुजरात के टेक्सटाइल विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और उद्योग प्रतिनिधि छह तकनीकी सत्रों में विचार साझा करेंगे। इनमें विकिरण आधारित अपशिष्ट जल रंगहीनकरण, आधुनिक अपशिष्ट जल उपचार, टेक्सटाइल रसायन प्रबंधन, जेडएलडी तकनीक, एससीएडीए आधारित अपशिष्ट जल निगरानी और राजस्थान टेक्सटाइल क्लस्टर के सतत विकास जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए महमूदाबाद में भारी वाहनों की नो-एंट्री

## सुबह छह से आठ और दोपहर 12 से तीन बजे तक नो-एंट्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा और नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने महमूदाबाद में भारी वाहनों के आवागमन को लेकर नई नो-एंट्री व्यवस्था लागू की है। पुलिस अधीक्षक सीतापुर की ओर से जारी आदेश के अनुसार थाना महमूदाबाद क्षेत्र के नूरपुर नहर पुल तथा फतेहपुर बाईपास तिराहा पर निर्धारित समय में डंपर, ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आदेश में कहा गया है कि महमूदाबाद नगर क्षेत्र में प्रातः और दोपहर के समय बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। इस दौरान प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों की अधिक आवाजाही से यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इसी को देखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है। नई व्यवस्था के तहत प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक तथा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक नूरपुर नहर पुल और फतेहपुर बाईपास तिराहा पर भारी वाहनों की नो-एंट्री रहेगी। इस अवधि में संबंधित मार्गों पर डंपर, ट्रक और अन्य भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। नो-एंट्री अवधि में आने वाले भारी वाहनों को निर्धारित स्थानों पर क्रमबद्ध तरीके से होल्ड कराया जाएगा, ताकि मुख्य मार्ग पर सामान्य यातायात प्रभावित न हो। नो-एंट्री का समय समाप्त होने के बाद इन वाहनों को यातायात व्यवस्था के अनुसार सुरक्षित एवं क्रमवार आगे रवाना किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के आदेश में प्रभारी निरीक्षक थाना महमूदाबाद एवं यातायात निरीक्षक, दक्षिणी क्षेत्र सिधौली को पर्याप्त पुलिस बल लगाकर व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। नो-एंट्री का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन की इस व्यवस्था से स्कूलह आने-जाने वाले विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद है। खासकर सुबह स्कूल खुलने और दोपहर में छुट्टी के समय भारी वाहनों का दबाव कम होने से प्रमुख मार्गों पर यातायात सुचारु रहने तथा दुर्घटनाओं की आशंका घटने की उम्मीद है।

# मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को बम से उड़ाने की धमकी भरा फोन आया। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। करीब साढ़े चार घंटे तक सीएमओ भवन की गहन तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। धमकी भरा फोन जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में आया था। सूचना के बाद सीएमओ में पुलिस के साथ डॉग स्क्वॉड, एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमें पहुंचीं। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने भी



मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों के अनुसार, धमकी मिलने के बाद करीब सुबह 10:30 बजे सीएमओ परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया गया। सुरक्षा टीमों ने भवन के अलग-अलग हिस्सों, कमरों और आसपास के क्षेत्रों की बारीकी से जांच की। कई घंटे की जांच के बाद भी कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। विधायकपुरी थाना पुलिस ने धमकी देने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर आरोपी तक पहुंच बनाई। पुलिस ने सवाई माधोपुर निवासी 38 वर्षीय लाला कोठ्यारी को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने कथित तौर पर नशे की हालत में धमकी भरा फोन किया था। पुलिस अब उससे पूछताछ कर कॉल करने की वजह और अन्य परिस्थितियों की जानकारी जुटा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 26 जुलाई 2025 को सीएमओ और जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम की धमकी मिली थी। दोनों स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया था, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

# पश्चिम बंगाल में वनकर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी का ऐलान

**कोलकाता(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने दुर्गा पूजा से पहले राज्य के वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि अक्टूबर से रेंजर्स, बीट अधिकारियों, फॉरेस्ट गार्ड्स और फॉरेस्ट असिस्टेंट्स के वेतन एवं भत्तों में बढ़ोतरी की जाएगी। सरकार के इस फैसले से वन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को त्योहारों के मौसम में आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार दोपहर मध्य कोलकाता के मोहरकुंज में आयोजित केंद्र सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण का संदेश देने के साथ वन विभाग के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी और



अधिकारी कई बार कठिन एवं जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। उनके काम को देखते हुए सरकार ने वेतन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अक्टूबर से करीब 500 रेंजर्स के वेतन में 5 हजार रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी। इसके अलावा बीट अधिकारियों और फॉरेस्ट गार्ड्स के वेतन में भी 5-5 हजार रुपये की वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि फॉरेस्ट असिस्टेंट्स को वर्तमान में 12 हजार रुपये वेतन मिलता है। उनके वेतन में भी 2 हजार रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी। नई व्यवस्था त्योहारों के मौसम से लागू होने की बात कही गई है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में इस वर्ष 10 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। लगाए गए पौधों की अगले दो वर्षों तक देखभाल भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पौधरोपण का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर पौधरोपण का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि उत्तर प्रदेश 26 करोड़ पेड़ लगा सकता है तो पश्चिम बंगाल भी इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य हासिल कर सकता है। मुख्यमंत्री ने वन एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को उत्तर बंगाल के बक्सा जंगल में बाघ छोड़े जाएंगे। इसके अलावा कोलकाता के अलीपुर में नया एक्वेरियम बनाने और भवानीपुर में एक लाख पेड़ लगाने की योजना भी बताई। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करना भी है। इसके लिए लगाए गए पौधों की निगरानी और संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के लोगों से अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की थी। पश्चिम बंगाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी पर्यावरण संरक्षण और माताओं के सम्मान के इस संदेश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी जंगलों और वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# एक दूसरे की परेशानी को अपनी परेशानी समझें तभी हम कामियबी हासिल कर सकते हैं: फुरकान मियां सज्जादानशीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

खैराबाद सीतापुर स्थानीय दरगाह हाफिजिया असलमिया में रबीउल अव्वल माह में चल रहे बारह दिवसीय ईद मिलादुन्नबी के चौथे दिन 18 अगस्त को सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी ने कहा कि अल्लाह ताला ने अपने महबूब हुज़ूर अकरम से इरशाद फरमाया कि वराफ़ाना लका ज़िकरक ऐ महबूब मैने तुम्हारे जिक्र को बुलन्द आम कर दिया जो रहती दुनिया तक कभी कम होने वाला नहीं साथ ही श्री हाशमी ने कहा कि इंसान अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिस तरह से मेहनत करता है तो उसी प्रकार अपने गरीब पड़ोसी या अपने परिवार के परेशान हाल लोगों की जरूरतों का भी ध्यान रखें अगर हम ऐसा कर लेते हैं तो जान लीजिए कि आपने बहुत अच्छा काम किया है इसी क्रम में आपने कहा कि दुरूद शरीफ़ को पढ़ने में अधिक से अधिक अपना समय व्यतीत करें क्योंकि दुरुद शरीफ़ तमाम बीमारियों से निजात पाने की दवा और दुआ दोनों है अपनी तमाम जरूरतों को पूरा करवाने, बीमारी से छुटकारा पाने परेशानी से आसानी पाने के लिए आप दुरूद शरीफ़ को अधिक से अधिक पढ़ें इसके बाद सैय्यद फ़रमान मियां हाशमी ने सलाम पढ़ा तत्पश्चात महफ़िल का समापन हो गया। इस अवसर पर कस्बे के सैकड़ों जानिसार रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मौजूद थे। जिसमे मुख्य रूप से दरगाह मुतवल्ली सैय्यद नवेद असलम हाशमी, सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद फरहान मियां,कारी इस्लाम अहमद आरफी एहतिशाम अहमद आदि उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

### स्व. जन्मेजय सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर 21 को श्रद्धांजलि सभा

**देवरिया।** पूर्व विधायक स्व. जन्मेजय सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर 21 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। गौरी बाजार के देवगांव स्थित उनके निज आवास पर शाम पांच बजे होने वाली सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शुभचिंतक और समर्थक शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। स्वजन के अनुसार स्व. जन्मेजय सिंह ने सार्वजनिक जीवन में रहते हुए जनसरोकारों को प्राथमिकता दी। सहज व्यवहार, सेवा भावना और लोगों से आत्मीय जुड़ाव के कारण क्षेत्र में उनकी अलग पहचान रही। उनके निधन के बाद भी उनके विचार और जनहित से जुड़े कार्य लोगों को प्रेरित करते हैं। श्रद्धांजलि सभा के आयोजक प्रकाश सिंह 'नाथू सिंह', कृष्णकांत सिंह 'मुन्ना ' और अजय प्रताप सिंह 'पिंटू सिंह' ने निज आवास स्थित देवगांव, गौरी बाजार में 21 अगस्त 2026, शुक्रवार शाम पांच बजे क्षेत्रवासियों से सपरिवार कार्यक्रम में पहुंचकर स्व. जन्मेजय सिंह की पुण्य स्मृतियों को नमन करने की अपील की है।

### अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे नेताजी सुभाषचंद्र बोसः पवन

**देवरिया।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मालवीय रोड स्थित नेताजी की प्रतिमा पर पदाधिकारियों ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल थे। उन्होंने अंग्रेजी शासन से देश को मुक्त कराने के लिए आजाद हिंद फौज का नेतृत्व किया और अपने अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता तथा दृढ़ संकल्प से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि नेताजी का प्रसिद्ध आह्वान 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' देशवासियों में स्वतंत्रता के लिए त्याग और संघर्ष की भावना जगाने वाला था। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और साहस सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। पूर्व भाजपा मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पांडेय ने कहा कि 18 अगस्त 1945 को विमान हादसे में नेताजी की मृत्यु की बात कही जाती है। देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके विचार आज भी युवाओं में राष्ट्रप्रेम, आत्मसम्मान और देश के प्रति समर्पण की भावना जगाते हैं। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अरुण मिश्र, डॉ. विनोद पांडेय, विजेंद्र चौहान, वीरेंद्र पाठक, गोविंद कुशवाहा, सुशील पाठक, विजय कुशवाहा, मोनू सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्राओं के बीच पहुंचे जिलाधिकारी, नवाचार के रूप में मनाया जन्मदिवस

**कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिवस, साथ में किया भोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अपने जन्मदिवस को एक नवाचार के रूप में मनाते हुए मंगलवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचकर छात्राओं के बीच अपना जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मिर्जापुर आरुषि मिश्रा भी उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने छात्राओं के साथ केक काटकर जन्मदिवस की खुशियां साझा कीं तथा उनके साथ भोजन भी ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, रुचियों एवं भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहती हैं और समाज एवं देश के विकास में किस प्रकार अपना योगदान देना चाहती हैं। छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने एवं अपने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की। जिलाधिकारी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं लगन के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि बेटियां आज शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन, खेल, तकनीक, सेना सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। छात्राएं अपनी क्षमता और प्रतिभा को पहचानते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर जनपद के अधिकारियों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन के विशेष एवं खुशी के अवसरों को विद्यालयों, आश्रम पद्धति विद्यालयों एवं अन्य बाल संस्थानों में जाकर बच्चों के साथ साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा बच्चों के बीच जाकर उनके साथ समय बिताने, संवाद करने और खुशियां साझा करने से बच्चों में अपनत्व, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक भावनाओं का विकास होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास बच्चों के जीवन में खुशी के विशेष क्षण पैदा करते हैं और उन्हें यह एहसास कराते हैं कि समाज के जिम्मेदार लोग भी उनके साथ खड़े हैं। इससे बच्चों के भीतर नई ऊर्जा, उत्साह एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा जागृत होगी।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण*के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।

इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं ह्लअक्कसाझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112 - आपातकालीन सेवा, 1090 / 1091 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, 181 - महिला हेल्पलाइन, 1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन।

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

## प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के लिए मुख्यमंत्री की बड़ी सौगात, 5 लाख रूपया तक कैशलेस उपचार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

» कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण, पीआरडी जवानों ने उत्साहपूर्वक सुना संबोधन
» ड्यूटी भत्तारूपया 500 से बढ़ाकर रूपया 600 किए जाने पर जवानों ने जताया हर्ष

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों के सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं प्रांतीय रक्षक दल के जवानों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा एवं सुना। मुख्यमंत्री द्वारा प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। मुख्यमंत्री ने कैशलेस उपचार योजना के अंतर्गत प्रत्येक पीआरडी जवान को रूपया 5 लाख तक के कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस सुविधा का लाभ प्रदेश के लगभग 31,000 प्रांतीय रक्षक दल के जवानों को मिलेगा। जनपद सोनभद्र के 428 पीआरडी जवान भी इस महत्वपूर्ण सुविधा से लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के ड्यूटी भत्ते में रूपया 100 की वृद्धि करते हुए इसे रूपया 500 से बढ़ाकर रूपया 600 प्रतिदिन किए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से पीआरडी जवानों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल रहा। उपस्थित जवानों ने मुख्यमंत्री जी द्वारा उनके हित में की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया तथा इसे जवानों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ के प्रतिनिधि संजीव कुमार त्रिपाठी, बीओ पीआरडी प्रदीप कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित प्रांतीय रक्षक दल के जवान उपस्थित रहे। माननीय मुख्यमंत्री की घोषणाओं से पीआरडी जवानों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। इससे जवानों में अपने दायित्वों के प्रति और अधिक उत्साह एवं समर्पण की भावना को बल मिलेगा।

### नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के बनकटा थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार के पर्यवेक्षण में बनकटा पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर विनय कुमार प्रजापति (30) निवासी बैदौली बुजुर्ग को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक 14 अगस्त को बनकटा क्षेत्र की 16 वर्षीय किशोरी की मौत के बाद उसकी मां की तहरीर पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमे में धारा 78(1) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 11/12 की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## काशी से निकली संत रविदास जयंती की कलशयात्रा का पडरौना में भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर काशी स्थित उनकी जन्मस्थली से निकाली गई भव्य कलशयात्रा का पडरौना नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। नगर के सुभाष चौक पर नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने पावन कलश एवं यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर माल्यार्पण के साथ स्वागत-अभिनंदन किया। इस दौरान पूरा वातावरण संत रविदास के जयकारों और भक्ति भाव से गुंजायमान रहा। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि संत रविदास केवल संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और भाईचारे के महान संदेशवाहक थे। उन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से समाज को जाति-पंथ तथा ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोपरि रखने का मार्ग दिखाया। उनकी वाणी आज भी समाज को एकता, सद्भाव और समानता की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली काशी से निकली कलशयात्रा का पडरौना पहुंचना नगरवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। यह यात्रा संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज में समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

सुभाष चौक से कलशयात्रा रामकोला रोड, अंबेडकर नगर, बावली चौक, बंधु छपरा, संत रविदास नगर, हरका चौराहा, मटिहनिया और सिधुवा बाजार होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद कलशयात्रा कठकुइयां मंडल के लक्ष्मीपुर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं एवं आयोजकों ने यात्रा को सम्मानपूर्वक विदा किया। इस अवसर पर भाजपा जिलामंत्री विश्वरंजन आनंद, नगर मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, बंका सिंह पटेल, मोहन खरवार, केके पांडेय, सभासद अनिल जायसवाल, श्याम साहा, सुशील शर्मा, उदयभान पांडेय, ओम प्रकाश कुशवाहा, विजय सोनी, मनोज सिंह, रामु पांडेय, सन्नी मिश्रा, सुनील चौहान, अंशु जायसवाल, ब्रजेश शर्मा, अभय सिंह, अभय मारोदिया, अनिल पांडेय, आकाश वर्मा, भास्कर पाठक, राजेश कुशवाहा, बबलू मद्धेशिया, विनय पांडेय, भरत चौधरी, बबलू शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### लैपल पिन लगाकर अधिवक्ताओं का किया अभिनंदन

**देवरिया।** जनसंपर्क एवं सम्मान अभियान के तहत देवरिया तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का लैपल पिन लगाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं से आत्मीय संवाद कर न्याय व्यवस्था, अधिवक्ता समाज से जुड़े मुद्दों और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा हुई। भाजपा नेता एडवोकेट संतोष तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। संविधान और कानून की रक्षा, नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण तथा समाज में न्याय की स्थापना में अधिवक्ताओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का सम्मान उनके अनुभव, संघर्ष और समाज के प्रति योगदान का सम्मान है। कार्यक्रम में युगुल किशोर तिवारी, सामंत मिश्रा, अरविंद तिवारी, शिवाजी, शशांक मिश्रा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सम्मान से अभिभूत अधिवक्ताओं ने एडवोकेट संतोष कुमार तिवारी का आभार जताया। संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि सम्मान और संवाद की यह पहल आगे भी जारी रहेगी। समाज के हर वर्ग के साथ आत्मीय संबंध और निरंतर संवाद ही जनसेवा को सार्थक बनाता है।

## टूटी सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा, गोरखपुर।** सहजनवा विकासखंड के रामपुर टोला प्राणपुर से गुलटही जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सड़क की मरम्मत कराने की मांग को लेकर करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिम्मेदार विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दिलीप कुमार मौर्या, गब्बूलाल प्रजापति और राजनाथ राव ने कहा कि रामपुर टोला प्राणपुर से गुलटही तक जाने वाली सड़क क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह सड़क पर दो से तीन फीट तक गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी आते-जाते हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण कई बार बच्चे और राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। बारिश के बाद स्थिति और भी खराब हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क की बदहाली को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सड़क की तत्काल जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत कराई जाए, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और स्कूली बच्चों व राहगीरों को राहत मिल सके। प्रदर्शन में इंद्रेश सिंह, गिरीश रावत, दुर्गेश कुमार, श्यामलाल, कुशल, जितन, उर्मिला, प्रेमलता, निर्मला, लीलावती, रामदास, फूलचंद, राम सकल, राम भवन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बढ़ते जलस्तर को लेकर तहसील प्रशासन अलर्ट, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला बाजार/ गोरखपुर।** नदियों के लगातार बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए गोला तहसील प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी गोला मनीष कुमार के नेतृत्व में तहसील अधिकारियों ने बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील ग्राम बगहा, ज्ञानकोल सहित अन्य प्रभावित एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर जलस्तर, जलभराव और ग्रामीणों की स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि बाढ़ अथवा जलभराव की स्थिति गंभीर होने पर ग्रामीण तत्काल संबंधित लेखपाल, नायब तहसीलदार अथवा तहसील प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया जा सके।

उपजिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावित परिवारों और जोखिम वाले स्थानों को चिह्नित कर उनकी सूची तैयार रखने तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया। प्रशासन की ओर से संभावित बाढ़ को देखते हुए नाव और नाविकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ राहत सामग्री की अग्रिम व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सिंचाई और विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी संवेदनशील क्षेत्रों का आकलन कर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। बिजली व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी संभावित खतरे से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हलगंज को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा चिकित्सकीय आपात स्थिति के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। वहीं पशु चिकित्सा विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और जरूरी दवाओं की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बढ़ते जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर अलर्ट रहने को कहा गया है, ताकि जलस्तर बढ़ने या बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर ग्रामीणों को तत्काल राहत और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कार्रवाई की जा सके।

## सुभासपा ने परखी संगठन की ताकत, बूथ स्तर पर मजबूती के लिए कसी कमर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक मंगलवार को रतनपुर ब्लॉक सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष हरिश्चन्द्र राजभर ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व महराजगंज जनपद प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने संगठन की जमीनी हकीकत को परखा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय करना और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर संगठन को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री प्रतिनिधि कविलाश राजभर ने भी कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर राजभर, अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष संतोष भारती, विधानसभा प्रमुख महासचिव रुपनरायन राजभर और युवा मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष ब्रह्मानंद राजभर ने भी संगठन विस्तार पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट संतोष राजभर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ओमप्रकाश, दशरथ, संजय, श्रवण कुमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को किया नमन, ट्रस्ट ने फहराया तिरंगा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पास ध्वजारोहण कर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। शनिवार सुबह 8:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिया कुमारी शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राष्ट्रगान के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिया कुमारी शुक्ला ने कहा कि देश की आजादी हजारों वीर सपूतों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता संग्राम में जिन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनके योगदान को देशवासी कभी भुला नहीं सकते। हमें उनके आदर्शों और त्याग से प्रेरणा लेकर देशहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। युवाओं को नशे और गलत गतिविधियों से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। युवा सही दिशा में आगे बढ़ेंगे तो देश निश्चित रूप से विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नवनीत सिंह, जिलाध्यक्ष मुनिंद्र गुप्ता, महिला प्रदेश अध्यक्ष लीला श्रीवास्तव, शैलेश सिंह, सरोज सिंह, शालू सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## संगठन सृजन अभियान का अंतिम चरण पूरा, बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान का अंतिम चरण मंगलवार को तरकुलवा और सदर देवरिया ब्लॉक की बैठकों के साथ संपन्न हुआ। बैठकों में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सक्रिय कार्यकर्ताओं की नई टीम तैयार करने और आगामी चुनावों के लिए सांगठनिक ढांचा मजबूत करने पर मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एआइसीसी पर्यवेक्षक भईया जी पवार ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक बूथ, वार्ड और ग्रामसभा में सक्रिय कार्यकर्ता जनता के सुख-दुख में सहभागी बनें, तभी संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान महज पदाधिकारियों के चयन तक सीमित नहीं है, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करने का आह्वान किया। यह टीम नियमित जनसंपर्क करने के साथ स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष तक जवाबदेही की व्यवस्था विकसित की जा रही है। पीसीसी पर्यवेक्षक अमरेश चंद पांडेय ने कहा कि संगठन का पुनर्गठन सामाजिक साझेदारी और भागीदारी के आधार पर किया जा रहा है। युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के सक्रिय लोगों को संगठन में उचित स्थान दिया जाएगा। इंजीनियर शैलेंद्र यादव ने कहा कि बूथ स्तर की मजबूती विधानसभा और लोकसभा चुनाव में सफलता की आधारशिला है। निर्मला पासवान ने महिला कांग्रेस और महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि जिले के सभी ब्लॉकों में लगातार बैठकें कर संगठन को नई ऊर्जा देने का प्रयास किया गया। बैतालपुर, गौरी बाजार, रुद्रपुर, भलुअनी, बरहज, लार, भागलपुर, बनकटा, भाटपाररानी, सलेमपुर, भटनी, देसही देवरिया, पथरदेवा, रामपुर कारखाना, तरकुलवा और सदर देवरिया में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

# आधुनिक और स्वच्छ होगा सचिवालय

## पत्रावलियों का होगा समयबद्ध डिजिटलीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मुख्य सचिव ने सचिवालय के सभी सभाकक्षों और बैठक कक्षों को आधुनिक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सभाकक्षों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बैठकों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को तकनीक के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाया जा सके।**

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने मंगलवार को सचिवालय परिसर के विभिन्न भवनों में कार्यालय कक्षों, प्रतीक्षा कक्षों और सभाकक्षों के आधुनिकीकरण, सिविल एवं विद्युत कार्यों तथा अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सचिवालय की कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित, आधुनिक और स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी अनुभागों में पत्रावलियों और अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने रजिस्टरों, निष्प्रयोज्य अभिलेखों और अनुपयोगी सामग्री की नियमानुसार छंटाई कर निस्तारण कराने को कहा, ताकि कार्यालयों में अनावश्यक सामग्री का जमाव न हो और पर्याप्त कार्यस्थल उपलब्ध रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पत्रावलियों का अभी तक डिजिटलीकरण नहीं हुआ है, उनका अनिवार्य रूप से समयबद्ध डिजिटलीकरण कराया जाए। इससे अभिलेखों के सुरक्षित रख-रखाव के साथ जरूरत पड़ने पर उन्हें आसानी से और तत्काल उपलब्ध कराया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने सचिवालय के सभी सभाकक्षों और बैठक कक्षों को आधुनिक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सभाकक्षों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बैठकों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को तकनीक के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने सचिवालय के विभिन्न भवनों में मौजूद निष्प्रयोज्य सामग्री का नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए। ऐसी सामग्री की पारदर्शी तरीके से ई-नीलामी कराने पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव ने कार्यालय परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्यालयों की नियमित साफ-सफाई के साथ शौचालयों की विशेष सफाई सुनिश्चित करने को कहा। सचिवालय परिसर के सभी कार्यालयों और सार्वजनिक उपयोग वाले स्थानों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। विद्युत एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने दीवारों और खंभों पर फैले तारों को व्यवस्थित कराने को कहा। इससे परिसर की सुरक्षा के साथ-साथ सौंदर्यीकरण भी बेहतर होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा डॉ. आशीष कुमार गोयल, प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन मनीष चौहान, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान सहित सचिवालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# अखंड रामायण पाठ के समापन पर भव्य भंडारा, उमड़े श्रद्धालु

**.....नई जेल परिसर स्थित भोलेभरीद बाबा मंदिर में भतिमय माहौल, भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंजा परिसर ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मोहनलालगंज, लखनऊ।** गोसाईंगंज स्थित नई जेल परिसर के भोलेभरीद बाबा मंदिर में मंगलवार को अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम का आयोजन मिश्रा टेंट हाउस के संरक्षक अखिलेश मिश्रा और अमित मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। इसके बाद आयोजित भंडारे में नई जेल परिसर के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, क्षेत्रवासी और श्रद्धालु शामिल हुए। भंडारे की व्यवस्था में मिश्रा परिवार के सदस्यों और सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजक और सहयोगी लगातार जुटे रहे। मिश्रा टेंट हाउस के संरक्षक अखिलेश मिश्रा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का अवसर देते हैं। नवीन मिश्रा ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भगौती महाराज जी, घनश्याम पाण्डेय, जीपी सिंह, अमित मिश्रा, प्रमोद सिंह, श्यामू सिंह सहित अन्य भक्तों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए और प्रसाद ग्रहण किया।

# हाईवे किनारे खड़ी कार का शीशा तोड़कर 25 हजार नकदी समेत सामान उड़ाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में हाईवे किनारे खड़ी कार को बीती रात चोरों ने निशाना बना लिया। कार का चालक साइड का शीशा तोड़कर चोर अंदर रखे 25 हजार रुपये, टूल बॉक्स, मोबाइल चार्जर, हवा भरने की मशीन और आगे-पीछे के दोनों वाइपर चोरी कर ले गए। सुबह कार का शीशा टूटा मिलने पर घटना की जानकारी हुई। मस्तीपुर निवासी दिनेश सिंह यादव के मुताबिक, उनकी ऑरा कार (यूपी 32 पीएफ 5421) हाईवे किनारे खड़ी थी। रात में अज्ञात चोरों ने चालक साइड के दरवाजे का शीशा तोड़ दिया और कार के अंदर रखा सामान व नकदी पार कर दी। सुबह कार के पास पहुंचने पर शीशा टूटा मिला और सामान गायब था। घटना की सूचना पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। निगोहां थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि कार का शीशा तोड़कर चोरी की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर, कानून-व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को लेकर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी समस्याओं की जड़ भाजपा है और आम जनता भाजपा के कुशासन से परेशान है। उन्होंने कहा कि किसान समय पर खाद और बीज नहीं मिलने से परेशान हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी खराब है। 2027 के विधानसभा चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और भाजपा सरकार को हटाने के लिए जुटने का आह्वान किया। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार हर विभाग और हर कार्य में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार में बने सड़क और हाईवे जगह-जगह धंस रहे हैं। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के बाद गंगा एक्सप्रेस-वे के भी दो स्थानों पर धंसने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की पोल लगातार खुल रही है। उन्होंने कहा कि चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर जगह-जगह टूट-फूट के साथ पुल के ज्वाइंट में भी दरारें आ गई हैं। मुरादाबाद में 655 करोड़ रुपये की लागत से बन रही रिंग रोड के शुरू होने से पहले ही धंसने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बजट की लूट और जनता के पैसे की बर्बादी हो रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि कहीं सड़कें टूट रही हैं तो कहीं पानी की टंकियां गिर रही हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन को लेकर भी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उनका कहना था कि शहरों की स्थिति खराब है और स्मार्ट सिटी के नाम पर आया पैसा भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर से लेकर प्रयागराज तक जलभराव के कारण हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालों की समुचित सफाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने गड्ढामुक्त अभियान के नाम पर हजारों करोड़ रुपये के बजट का बंदरबांट किया, लेकिन दस साल बाद भी प्रदेश की सड़कों की स्थिति खराब है।

# अपराधियों के सत्यापन में तेजी लाएं, गतिविधियों पर रखें नजर : डीसीपी

**........यक्ष एप से अधिक से अधिक अपराधियों का सत्यापन कराने के निर्देश, संवेदनशील मामलों में सूचना मिलते ही कार्रवाई पर जोर ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त लखनऊ की ओर से 18 अगस्त को प्रस्तावित अपराध गोष्ठी के मद्देनजर मंगलवार को डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, सभी एसीपी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी और बीट प्रभारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान डीसीपी ने चोरी, लूट और नकबजनी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराधियों का अधिक से अधिक सत्यापन यक्ष एप के माध्यम से कराने और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने को कहा। अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं को तत्काल उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के साथ ही क्राइम प्रिवेंशन और क्राइम डिटेक्शन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## संवेदनशील मामलों में तत्काल लें संज्ञान

डीसीपी ने हिंदू-मुस्लिम समेत अन्य संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। छोटी से छोटी सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। लंबित आपराधिक गतिविधियों और मामलों में भी गंभीरता से कार्रवाई करने को कहा गया।

## महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पर जोर

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने और साइबर शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। डीसीपी ने आईजीआरएस शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण, बीट सूचनाओं का प्रभावी संकलन व सत्यापन तथा बीट पुलिसिंग को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कानून-व्यवस्था की ड्यूटी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्कता, अनुशासन और टीम भावना के साथ काम करने को कहा। बैठक में अपराधों की रोकथाम, शीघ्र अनावरण और कानून-व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# अधिवक्ताओं के लिए लगा निःशुल्क मेडिकल कैंप, स्वास्थ्य जांच के साथ दी डाइट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ की ओर से मंगलवार को मीराबाई मार्ग स्थित राज्य कर भवन के चतुर्थ तल पर अधिवक्ताओं के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप और हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकीय परामर्श लिया। दोपहर 2:30 बजे शुरू हुए शिविर में जनरल चेकअप के साथ बीएमआई, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई। मैक्स लैब के सहयोग से कोलेस्ट्रॉल, शुगर, कैल्शियम और यूरिक एसिड में से किसी एक जांच की निःशुल्क सुविधा भी अधिवक्ताओं को दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अधिवक्ताओं को वजन नियंत्रित रखने, खानपान पर ध्यान देने और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के संबंध में डाइट काउंसलिंग दी। एसोसिएशन के महामंत्री रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मेडिकल कैंप को सफल बनाने में अधिवक्ता राम प्रसाद का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों से कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, मेडिकल टीम और लैब सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफल जीवन का आधार है। व्यावसायिक व्यस्तताओं के बीच अधिवक्ताओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना चाहिए। एसोसिएशन आगे भी इस तरह के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। मीडिया समिति के चेयरमैन अधिवक्ता राजीव कुमार त्रिवेदी ने बताया कि वकालत का पेशा तनावपूर्ण और व्यस्तता भरा है, जिसके चलते कई बार अधिवक्ता अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं। मेडिकल कैंप का उद्देश्य अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ एक ही स्थान पर चिकित्सा जांच और परामर्श उपलब्ध कराना था। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आगे भी प्रयास जारी रखेगा।

# महमूदाबाद में सपा के दो नेताओं में ठनी, थाने पहुंचा सियासी घमासान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जिसके बाद स्थानीय सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। मामले की शुरुआत तहसील समाधान दिवस के दौरान हुई, जहां नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अराफात ने पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के समक्ष लिखित शिकायत देकर गंभीर आरोप लगाए।**

**महमूदाबाद-सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के दो स्थानीय नेताओं के बीच चल रहा विवाद अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। महमूदाबाद नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अराफात और सपा नेता शिवेंद्र प्रताप यादव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का मामला अब पुलिस थाने तक पहुंच चुका है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जिसके बाद स्थानीय सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। मामले की शुरुआत तहसील समाधान दिवस के दौरान हुई, जहां नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अराफात ने पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के समक्ष लिखित शिकायत देकर गंभीर आरोप लगाए। अध्यक्ष का आरोप है कि शिवेंद्र प्रताप यादव उन पर नियमों के विपरीत कार्य करने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि बात नहीं मानने पर सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी और नगर पालिका की छवि खराब करने का प्रयास किया गया तथा उनसे दो लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी गई। वहीं, शिवेंद्र प्रताप यादव ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बताया है। उनका आरोप है कि रास्ता बनवाने के नाम पर स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से उनसे पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी और रकम नहीं देने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर रही है। पुलिस जांच में सोशल मीडिया पर किए गए दावों, शिकायतों और कथित लेन-देन से जुड़े तथ्यों को भी जांच के दायरे में लिया जा सकता है। सबसे खास बात यह है कि विवाद राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच नहीं, बल्कि एक ही पार्टी से जुड़े दो स्थानीय नेताओं के बीच है। ऐसे में इस प्रकरण ने महमूदाबाद की स्थानीय राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। अब सबकी निगाहें पुलिस की जांच और आने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि दोनों पक्षों के आरोपों में कितनी सच्चाई है।

# कच्ची सड़क के डामरीकरण की मांग, आज धरना देगा किसान संगठन

**.......गांव-गांव पहुंचकर किसानों ने किया जनसंपर्क, ग्रामीणों ने आंदोलन को समर्थन देने का दिया भरोसा ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नगराम, लखनऊ।** कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र तक जाने वाले कच्चे मार्ग के डामरीकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन बुधवार को धरना-प्रदर्शन करेगा। धरने को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को गांव-गांव पहुंचकर जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचने की अपील की। प्रचार वाहन के जरिए संगठन के पदाधिकारी माइक से ग्रामीणों को आंदोलन की जानकारी देते हुए समेसी चौराहा, रामबक्स खेड़ा, भवानी खेड़ा, रसूलपुर, कलंदर खेड़ा, मोहली, अकंताखेड़ा, कमलापुर, विचिलखा, धोबैया, सीफतनगर और कुसभिटा समेत कई गांवों में पहुंचे। प्रचार वाहन के पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। पदाधिकारियों ने बताया कि कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से कच्चा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान मार्ग की हालत और खराब हो जाती है। इससे किसानों, विद्यार्थियों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सड़क का डामरीकरण शुरू होने तक आंदोलन में संगठन के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश यादव ने कहा कि सड़क की समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों को एकजुट किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से बुधवार को कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर होने वाले धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार यादव व रामपाल राजपूत, गांव अध्यक्ष केशव लोधी, दुर्गेश कुमार, रामकुमार, प्रधान पति प्रभादीन, शिवदेवी सहित संगठन के पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पारा में अवैध डेयरियों पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

**महापौर और नगर आयुक्त की मौजूदगी में चला अभियान, पुलिस बल के साथ अवैध डेयरियों पर कसा शिकंजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** पारा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित दूध डेयरियों के खिलाफ नगर निगम ने मंगलवार को सघन अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। गत दिनों नगर निगम एवं पुलिस टीम पर हुए हमले की घटना को गंभीरता से लेते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मौके पर पहुंचकर अभियान का जायजा लिया। अधिकारियों ने अवैध डेयरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त के नेतृत्व में पुलिस बल, प्रवर्तन दल और कैटिल कैचिंग दस्ते की संयुक्त टीम ने बुद्धेश्वर, पारा, गढ़ियाना, ज्ञानेन्द्र विहार और शकुंतला मिश्र विश्वविद्यालय रोड तक अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित डेयरियों को चिन्हित कर वहां मौजूद पशुओं को हटाया गया। अभियान के दौरान कुल 197 पशुओं को पकड़कर विभिन्न कांजी हाउस और गौशाला में निरुद्ध कराया गया। इनमें 46 भैंसों को राधा उपवन गौशाला, 40 को ठाकुरगंज कांजी हाउस, 31 को पीजीआई कांजी हाउस, 33 को आलमबाग कांजी हाउस तथा 46 भैंस और एक बड़ी पड़िया को ऐशबाग कांजी हाउस भेजा गया। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से डेयरी संचालित करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। वहीं, नगर आयुक्त ने अभियान को सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रभावी तरीके से जारी रखने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि पिछले दिनों अवैध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई करने गई नगर निगम एवं पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला किया था। घटना में कुछ अधिकारी-कर्मचारी घायल हुए थे। इसके बाद नगर निगम ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और टीम के साथ अभद्रता या हमला करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

# कृषि उद्यमिता से किसानों की आय बढ़ाने के दिए टिप्स

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज, लखनऊ।** किसानों की आय में बढ़ोतरी और खेती के साथ अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर अतिरिक्त आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को मोहनलालगंज के अतरौली में कृषि उद्यमिता विकास विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ की ओर से किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. कामता प्रसाद, कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. आरपी साहू तथा तकनीकी अधिकारी राम लखन ने किसानों को कृषि उद्यमिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि किसान पारंपरिक खेती के साथ कृषि से जुड़े बहुउद्यमों को अपनाकर अपनी आय के स्रोत बढ़ा सकते हैं। विशेषज्ञों ने किसानों को कृषि आधारित विभिन्न उद्यमों, उनकी उपयोगिता, संभावनाओं तथा उन्हें अपनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही खेती में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और कृषि को व्यवसाय के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों की आय बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों और कृषि गतिविधियों से जुड़े उद्यमों को अपनाने के संबंध में भी मार्गदर्शन किया गया।कार्यक्रम में किसानों और कृषक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 25 कृषकों एवं कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कृषि उद्यमिता को अपनाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खेती के साथ आय के अतिरिक्त साधन उपलब्ध कराने तथा उन्हें कृषि आधारित स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना रहा।

# संपादकीय

## नबीन के नगीने

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नये बदलाव के जरिये एक तीर से कई निशाने साधे गए हैं। कार्यकारिणी में उ.प्र. के पदाधिकारियों का दबदबा, अपेक्षाकृत युवाओं को तरजीह तथा आईटी सेल के शीर्ष पद में बदलाव बताता है, ये परिवर्तन समय की जरूरत है। कहीं न कहीं जेन-जी आंदोलन के बाद पार्टी ने बदलाव की आकांक्षी नई पीढ़ी से जुड़ने का मन बनाया है। छात्र आंदोलन में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका को महसूस करते हुए एक दशक के बाद भाजपा के आईटी हेड अमित मालवीय की विदाई हुई है और दीपक म्हस्के की एंट्री हुई है। कैमिस्ट्री के प्रोफेसर रहे म्हस्के चुनावी आंकड़ों और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संबंधित डेटा विश्लेषण अभियान से जुड़े रहे हैं। छत्तीसगढ़ आईटी सेल के समन्वयक रहे म्हस्के सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने और विभिन्न क्षेत्रों में व्हाट्सऐप समूहों का नेटवर्क तैयार करने के लिये पहचान रखते हैं। दरअसल, पार्टी बार-प्रतिवार के दौर से आगे निकलकर क्षेत्र, आयु समूह व मुद्दों के जरिये जनता का मूड भांपने का प्रयास करेगी। निस्संदेह, यह निर्णय राजनीति में सोशल मीडिया की बदलती भूमिका को भी दर्शाता है। पार्टी ने महसूस किया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म अब सिर्फ प्रचार का जरिया ही नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक असंतोष से मुकाबले तथा आम लोगों से जुड़ने का भी माध्यम बना है। पार्टी ने यह भी महसूस किया कि हालिया छात्र आंदोलन में छोटे वीडियो, व्यंग्य, राजनीतिक मीम व वायरल सामग्री की लोगों को जोड़ने में बड़ी भूमिका रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उ.प्र. में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उ.प्र. का दबदबा नजर आता है। जिन आठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, उनमें राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में स्मृति ईरानी की वापसी सुर्खियों में है। साथ ही राजनीतिक समीकरण साधने के लिये ओबीसी से लेकर अल्पसंख्यक चेहरे कार्यकारिणी में उ.प्र. से शामिल किए गए है। कह सकते हैं राजनीति के साथ ही सामाजिक समीकरण को भी साधने की कोशिश हुई है। बहरहाल, नितिन नबीन की नई कार्यकारिणी में महामंत्री के रूप में स्मृति ईरानी की वापसी ने खासी सुर्खियां बटोरी हैं क्योंकि अमेठी से चुनाव हारने के उन्हें हाशिये पर माना जा रहा था। एक समय राहुल गांधी को हराकर अमेठी से सांसद और मंत्री बनने के बाद वे लगातार सुर्खियों में रही थीं। वहीं कुर्मी समाज से आने वाली रेखा वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं दलित समुदाय से आने वाले बुलंदशहर के सांसद डॉ.भोला सिंह राष्ट्रीय सचिव, प्रभारी यादव समाज से आने वाली आजमगढ़ की संगीता यादव के जरिये आगामी विधानसभा चुनाव में सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश हुई है। उत्तर प्रदेश से ही अमरपाल मौर्य को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चे का अध्यक्ष बनाया गया है। दूसरी ओर उ.प्र. के ही कुंवर बासित अली को अल्पसंख्यक मोर्चे की कमान दी गई है। जो संगठनात्मक रणनीति के साथ ही इन समाजों में पकड़ मजबूत करने की कोशिश भी है। इसे उ.प्र. में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले की तैयारी माना जा रहा है। निस्संदेह, यह कहावत सटीक है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता उ.प्र. से होकर ही जाता है। यही वजह है कि भाजपा के लिये प्रदेश का विधानसभा चुनाव प्रतिष्ठा का प्रतीक बनना स्वाभाविक ही है। दूसरी ओर भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में संघ से जुड़े रहे राम माधव, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रहे तीरथ सिंह रावत व बैजयंत जयपांडो जैसे दिग्गज नेताओं को तरजीह मिली है। वहीं युवाओं को प्राथमिकता देने के क्रम में युवा मोर्चे के अध्यक्ष के रूप में हेमांग जोशी के नाम की चर्चा हो रही है। दूसरी तरफ पार्टी ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी पीयूष गोयल को दी है। वहीं नॉर्थ ईस्ट कॉर्डिनेटर पद पर संबित पात्रा व मीडिया संयोजक के पद पर अनिल बलूनी दायित्व निभाएंगे। पार्टी ने महिलाओं को भी महत्व दिया है और राष्ट्रीय पदाधिकारियों में कुल मिलाकर बारह महिलाएं शामिल की गई हैं। महिला मोर्चा की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ की नेता रूप चौधरी को प्रदान की गई है।

# 'दिमागी नक्सली' यानी सियासी तापमान बढ़ाने वाले शब्द

**लालकिले की प्राचीर से होने वाले प्रधानमंत्री के सालाना संबोधन पर चर्चाएं और बहसें होना कोई नई बात नहीं है। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री द्वारा प्रयुक्त दो शब्दों 'दिमागी नक्सल' ने चर्चाओं की तासीर बढ़ा दी है। ऐसा नहीं कि इन शब्दों के संजीदापन को प्रधानमंत्री नहीं जानते होंगे। प्रधानमंत्री द्वारा इन शब्दों के प्रयोग के पीछे दो वजहे साफ नजर आती हैं। दरअसल इस बहाने प्रधानमंत्री देश के उस वर्ग की तरफ दिलाना चाहते हैं, जिसकी नजर में उनकी और उनकी सरकार का हर कदम गलत और दकियानूसी है। दूसरी वजह, अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं को नए उत्साह से भरना है, जो हालिया कुछ घटनाओं से किंचित निराश हैं। लालकिले की प्राचीर से देश के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उस पर एक बार फिर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, '२१वीं सदी में यह बहुत ज़रूरी है कि हम दशकों पुरानी उन चुनौतियों को खत्म करें, जिन्होंने देश को पीछे रखा है।** नक्सलवाद और माओवाद ने लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने अनगिनत माताओं के युवा बेटों को छीन लिया और देश भर के परिवारों के सपनों को चकनाचूर कर दिया। लगभग चार दशकों तक, नक्सलवाद ने भारत के बड़े हिस्सों और उसकी आबादी के एक बड़े हिस्से को अपनी गिरफ्त में रखा, बंदूक के दम पर शासन किया और संविधान की धज्जियां उड़ाईं। आज हथियारों वाले नक्सल से बड़ी चुनौती दिमागी नक्सली ज्यादा खतरनाक हैं, इससे देश को बचाना होगा।कभी देश के एक तिहाई हिस्से को लाल गलियारे के रूप में जाना जाता था। कभी माओवादियों और नक्सलियों की समानांतर सत्ता नेपाल से लेकर आंध्र प्रदेश तक समानांतर सत्ता चलती थी। उनके प्रभाव



वाले क्षेत्रों कों ' पशुपति से तिरूपति तक ' के नाम से जाना जाता था। देश का गृहमंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह ने 31 मार्च तक देश को लाल गलियारे से मुक्त कराने का वादा किया था। अमित शाह की दोहरी रणनीति के चलते यह गलियारा अब नक्सली हिंसा और आतंक से मुक्त हो चुका है। इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस वक्त लाल किले से प्रधानमंत्री देश को संबोधित कर रहे थे, उसी वक्त लाल गलियारे वाले उड़ीसा के मलकानगिरी और छत्तीसगढ़ के बस्तर के कई गांवों में पहली बार तिरंगा लहरा रहा था। उन तिरंगों को सलामी देने वालों में वे लोग भी भारतीय संविधान के तहत हासिल पुलिस या होमगार्ड की वर्दी में शामिल थे, जो हाल के दिनों तो इन इलाकों में भारतीय संविधान को नहीं मानते थे, जिनका मानना था कि सत्ता बारूद से निकलती है। अब भी उनके हाथों में बंदूकें हैं, जिनके ट्रिगर पर अब भी उनकी ही उंगलियां हैं,लेकिन अब वे भारतीय संविधान की मर्यादा से बंध चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इस बदलाव को रेखांकित किया है, लेकिन उन्हें आशंका है कि समाज के विशेषकर बौद्धिक वर्ग में जो नक्सलवादी मानस के लोग हैं, उनसे निबटना आसान नहीं है। वैसे दिमागी नक्सली कोई नए शब्द नहीं है। करीब दशक भर पहले फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री ने इसी तरह अर्बन नक्सली शब्द का इस्तेमाल किया था। तब से वामपंथी हिंसा का विरोधी मानस इन शब्दों का खुलकर प्रयोग करता रहा है। वह मानता रहा है कि देश में जब भी अराजक परिस्थितियां बनती हैं, उसके पीछे अर्बन नक्सलियों की ही सोच काम करती है। कह सकते हैं कि दिमागी नक्सली शब्द ने उन्हीं शब्दों को नई पहचान दे दी है। देश का अधिसंख्य बौद्धिक समाज शायद ही इससे इत्तेफाक रखता हो, लेकिन अतीत में यह वर्ग 'दबाव समूह' के रूप में काम करता रहा है। छह अप्रैल 2020 को दंतेवाड़ा में घात लगाकर नक्सलियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 75 और छत्तीसगढ़ पुलिस के एक सवाल को बारूदी सुरंगों से उड़ा दिया था। इस घटना के बाद देश का बड़ा वर्ग सदमे में था। तत्कालीन मनमोहन सरकार ने नक्सलियों को सबक सिखाने के लिए सैनिक कार्रवाई करने की ठान ली थी। उस दौरान भी दिमागी नक्सलियों को विश्वविद्यालयों और दूसरे संस्थानों में चिन्हित करने की प्रक्रिया चली थी। लेकिन शहरों में वामपंथी उग्रवाद के समर्थक लोगों के प्रबल विरोध के चलते मनमोहन सरकार सैनिक कार्रवाई से पीछे हट गयी थी।

हालांकि इस घटना के तीन साल एक महीने बाद 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में घात लगाकर नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को उड़ा दिया था। भुक्तभोगी होने के बावजूद कांग्रेस की अगुआई वाली केंद्रीय सरकार ने नक्सलियों को नेस्तनाबूद करने के लिए न तो ठोस रणनीति बना सकी और न ही रोक लगाने में कामयाब हुई। वह सिर्फ 'रोकथाम' की रणनीति पर चलती रही, लेकिन अमित शाह ने इसे बदलकर 'पूरी तरह खत्म करने' की रणनीति को अपनाया। इसके तहत, 'वामपंथी उग्रवाद' के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति बनाई गई। देश को नक्सल मुक्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्य के तहत संवाद, सुरक्षा और समन्वय पर जोर दिया। खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन किए जाने लगे। केंद्रीय और राज्य बलों के बीच बेहतर तालमेल बनाया गया और जरूरत के हिसाब से वित्तीय मदद के लिए खजाना खोला गया। इसके साथ ही मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की व्यवस्था को भी जारी रखा गया। खुफिया जानकारी ही थी, कि बसवराजू, पतिराम मांझी, गणेश उइके और मिलिंद तेलतुंबडे जैसे कई बड़े माओवादी नेताओं को सुरक्षा बलों ने घेर कर ढेर कर दिया। सुरक्षा बलों के लगातार दबाव के चलते छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण हुए। इसका असर जल्द दिखने लगा। नक्सली हिंसा में 56 फीसद और जवानों की मौतों में 75 फीसद की कमी आई। आम नागरिकों के शिकार बनने की घटनाओं में भी 70 प्रतिशत की कमी आई। इसके चलते नक्सल-प्रभावित ज़िलों की संख्या 2014 के 126 की तुलना में 2026 में घटकर सिर्फ एक जिले तक सीमित हो गई है। सुरक्षा और विकास की साझी रणनीति के तहत सुरक्षा अभियानों के साथ-साथ पुलिसिंग, कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेश और आजीविका में लगातार निवेश किया, गया। इसके तहत 2014 के बाद नक्सली इलाकों में 594 थाने, 408 नए सुरक्षा कैंप और 12,211 किलोमीटर लंबी सड़कें बनाई गईं। इससे वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाक़ों में राज्य की मौजूदगी बढ़ी। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों में संचार कनेक्टिविटी, बैंकिंग ढांचा, डाकघर,आईटीआई, कौशल विकास केंद्र और पुनर्वास नीतियों का जमकर विस्तार किया गया। इससे आर्थिक अवसर पैदा हुए और पूर्व माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रोत्साहन मिला। लालकिले की प्राचीर से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इसे अपनी सरकार की उपलब्धि के रूप में गिनाया भी। हाल ही में सफल माने जा रहे काकरोच जनता पार्टी के आंदोलन में पीछे से वामपंथी उग्रवाद समर्थक ताकतों के हाथ की चर्चाएं रहीं। बीस जुलाई के संसद मार्च के दिन हुई हिंसा के पीछे दिल्ली पुलिस पेशेवर अपराधियों के साथ ही वामपंथी संगठनों के हाथ को भी मान रही है। सरकार का मानना है कि हथियार बंद नक्सलियों को पहचानना और उनका मुकाबला आसान है, बनिस्बत समाज के बीच उनकी जैसी मानसिकता का सामना आसान नहीं है। वैसे विपक्षी दलों को एतराज है कि इस बहाने प्रधानमंत्री और उनकी सरकार का विरोध करने वालों को दिमागी नक्सली कहकर किनारे करने की कोशिश होगी। उनका तर्क है कि इसके जरिए लोकतंत्र की खासियत 'लोकतांत्रिक विरोध' के अधिकार को भी बाधित किया जा सकता है। फिर लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने जिस तरह इन शब्दों को लेकर सरकार पर जवाबी हमला बोला है, उससे साफ है कि आने वाले दिनों में ये दोनों शब्द चर्चा में ही नहीं रहेंगे, बल्कि सियासी तापमान को बढ़ाए रखने का बड़ा जरिया होंगे।

# हर मौसम में निर्बाध भरोसेमंद सड़कों की जरूरत

उत्तराखंड में वर्षों पहले जिस सड़क परियोजना की चर्चा 'ऑल वेदर रोड' के नाम से शुरू हुई थी, वह अब 'चारधाम मार्ग' के नाम से अधिक जानी जाती है। लेकिन सवाल नाम का नहीं, उसके उद्देश्य और परिणाम का है। यदि यह सचमुच ऑल वेदर रोड है, तो बार-बार, बीसियों स्थानों पर मौसम की मार से अवरुद्ध होना इसके दावे पर सवाल खड़ा करता है। मूल सवाल है- क्या सड़क केवल चौड़ी और नई बनी है, या वास्तव में हर मौसम में भरोसेमंद आवागमन के योग्य भी हुई है? चारधाम तक ही क्यों? जब सड़कों का निर्माण जनता से वसूले गए करों और रोड टैक्स जैसे साधनों से होता है, तो हर सड़क का हर मौसम में उपयोगी व भरोसेमंद होना जनता का अधिकार है; सड़कें किसी सरकार की भीख नहीं। गांवों में ऑल वेदर मार्ग किसानों की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि इससे आलू, सेब जैसे उत्पाद समय पर बाजार पहुंचेंगे व खराब होने की आशंका घटेगी। गांवों की सड़कों को ऑल वेदर बनाने का लक्ष्य कई पंचवर्षीय योजनाओं की प्राथमिकताओं में पहले से रहा है।सैन्य सुरक्षा की दृष्टि से भी ऑल वेदर रोड की आवश्यकता है और उत्तराखंड में यह प्रमुख प्राथमिकताओं में हो। धार्मिक चारधाम यात्रा के नाम पर भले ही इसे चारधाम मार्ग कहा गया हो, पर चारधाम यात्रा वर्ष में करीब छह माह, कपाट खुले रहने की अवधि में ही होती है व इसके लिए फोर-लेन सड़कें अनिवार्य नहीं। किसी



**मूल सवाल है- या सड़क केवल चौड़ी और नई बनी है, या वास्तव में हर मौसम में भरोसेमंद आवागमन के योग्य भी हुई है? चारधाम तक ही यों? जब सड़कों का निर्माण जनता से वसूले गए करों और रोड टैस जैसे साधनों से होता है, तो हर सड़क का हर मौसम में उपयोगी व भरोसेमंद होना जनता का अधिकार है; सड़कें किसी सरकार की भीख नहीं। गांवों में ऑल वेदर मार्ग किसानों की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं, योंकि इससे आलू, सेब जैसे उत्पाद समय पर बाजार पहुंचेंगे व खराब होने की आशंका घटेगी। गांवों की सड़कों को ऑल वेदर बनाने का लक्ष्य कई पंचवर्षीय योजनाओं की प्राथमिकताओं में पहले से रहा है।सैन्य सुरक्षा की दृष्टि से भी ऑल वेदर रोड की आवश्यकता है और उराखंड में यह प्रमुख प्राथमिकताओं में हो। धार्मिक चारधाम यात्रा के नाम पर भले ही इसे चारधाम मार्ग कहा गया हो, पर चारधाम यात्रा वर्ष में करीब छह माह, कपाट खुले रहने की अवधि में ही होती है व इसके लिए फोर-लेन सड़कें अनिवार्य नहीं।**

भी मौसम में सड़कों पर सुरक्षित और सुगम आवागमन केवल सड़क की गुणवत्ता पर नहीं, बल्कि नागरिकों और कर्मचारियों के आचरण व कार्य-संस्कृति पर भी निर्भर करता है। बिजली, पानी, सीवर या टेलीफोन लाइनों के लिए बार-बार नई सड़कों को खोदना, उन पर रेत-बजरी बिखेरना अथवा निर्माण सामग्री डम्प करना आम है। इससे वाहन फिसलने जैसी दुर्घटनाएं होती हैं। यदि हम स्वयं सड़कों पर ऐसी सामग्री बिखेरें, जो बरसात में फिसलन या आंधी में धूल-गुबार का कारण बने, तो ऑल वेदर रोड का लाभ कितना मिल पाएगा? ओस या बर्फ जमने पर सड़क सुरक्षित रहने के बावजूद पैदल चलना भी कठिन हो जाता है।पहाड़ों में हर साल आपदाओं से टूटने वाले पुल-पुलिये समय पर ठीक नहीं हो पाते। जर्जर ट्रॉलियों और पेड़ों के तनों के सहारे नदी-नाले पार करना आज भी जोखिम भरा है; बच्चों सहित ग्रामीणों के घायल होने की घटनाएं सामने आती रही हैं। हजारों करोड़ रुपये की चारधाम ऑल वेदर रोड का लाभ भी तभी मिलेगा, जब मरीज, किसान और आम नागरिक अपनी सड़क, पगडंडी और पुल के जरिए उसके मुहाने तक पहुंच सकें। टिहरी बांध के जलाशय बनने के बाद प्रतापनगर, केदार त्रासदी से प्रभावित क्षेत्रों, यमकेश्वर-ढांगू, गुप्तकाशी और कुमाऊं के अनेक गांवों में यह समस्या आज भी बनी हुई है। बरसात में बच्चों का स्कूल पहुंचना और मरीजों अथवा प्रसव के निकट महिलाओं को मोटर मार्ग तक लाना तक कठिन हो जाता है। कई सम्पर्क मार्ग ठीक होने के बावजूद वाहन-विहीन रहते हैं। सवाल इसलिए केवल ऑल वेदर रोड का नहीं, बल्कि गांवों को स्कूल, अस्पताल और मुख्य मार्गों से हर मौसम में जोड़ने वाले भरोसेमंद सम्पर्क तंत्र का है। सवाल है कि ऑल वेदर रोड से पहले गांवों में ऑल वेदर स्कूलों, अस्पतालों और मुख्य मार्गों तक पहुंच सरकारों की प्राथमिकता क्यों नहीं है? असल में जरूरत केवल ऑल वेदर रोड की नहीं, बल्कि हर मौसम में उपयोगी और सुरक्षित सम्पूर्ण सड़क-सम्पर्क तंत्र की है। सड़क पर पर्याप्त रोशनी पर भी खास ध्यान नहीं। राहगीर चाहता है कि उसकी सड़क, पगडंडी या पुल किसी भी मौसम में बाधित न हो। फ्लाईओवर और पुलों की सुरक्षा का रिकॉर्ड भी चिंता से परे नहीं; पुलों के गिरने, भ्रष्टाचार और अवैध खनन से उनके स्तंभों व सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के मामले इस चिंता को और गंभीर बनाते हैं। ऑल वेदर रोड का सड़क की चौड़ाई से सीधा संबंध नहीं है। संकरी पगडंडी भी ऑल वेदर हो सकती है, यदि वह हर मौसम में सुरक्षित और आवागमन योग्य रहे। हां, चौड़ी सड़क पर मलबा गिरने की स्थिति में उसके किसी हिस्से से बचकर निकलना बनिस्बत आसान होता है। पहले, खासकर फौजी वाहनों में, छोटा-मोटा मलबा हटाने को बेलचा-कुदाल तक रखे जाते थे; अब स्थिति यह कि खड़े या चलते वाहनों पर सीधे मलबा गिरने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क कटान के नीचे के पेड़ों की कटाई भी जोखिमों को बढ़ा रही है।सम्पर्क मार्गों की स्थिति भी महत्वपूर्ण है। जैसे मुख्य नदी के लिए सहायक नदी महत्वपूर्ण है, वैसे ही सड़कों के लिए सम्पर्क मार्ग अहम हैं। सभी सड़कों के जलागम क्षेत्रों में भू-क्षरण व भूस्खलनों को रोकने के लिए जलागम प्रबंधन का काम होना चाहिए। सड़कों की ज्योमेट्री और तात्कालिक डम्पिंग ग्राउंड के महत्व को भी रेखांकित किया जाना जरूरी है। अन्यथा सड़क खोलने की जल्दी में सारा मलबा और बड़े-बड़े पत्थर भी नीचे लुढ़का दिए जाते हैं।

# तनाव से राहत से लेकर एकाग्रता बढ़ाने तक, रोज मेडिटेशन करने के फायदे

आजकल की तेज रफ्तार जिंदगी में लोगों के पास खुद के लिए समय काफी कम होता जा रहा है। काम का दबाव, घर की जिम्मेदारियां, भविष्य की चिंता और लगातार भागती दिनचर्या का असर मन पर भी पड़ता है। कई बार बिना किसी खास वजह के बेचैनी महसूस होने लगती है, छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है या किसी काम में मन लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कुछ मिनट खुद के लिए निकालना काफी मददगार हो सकता है। इसी को देखते हुए आयुष मंत्रालय ने लोगों को ध्यान (मेडिटेशन) को अपनी रोज की दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी है। आयुष मंत्रालय ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की। इसमें बताया गया है कि मेडिटेशन मन को शांत रखने और एकाग्रता बढ़ाने का आसान तरीका है। मंत्रालय के मुताबिक, रोज कुछ समय मेडिटेशन करने से मन को शांति मिलती है, सोच को स्थिर रखने में मदद मिलती है और व्यक्ति अपने आसपास और अपने विचारों के प्रति ज्यादा सजग रहता है। इसके नियमित अभ्यास से धीरे-धीरे मन को एक जगह टिकाने की क्षमता बेहतर होती है।

मेडिटेशन का सबसे पहला फायदा मन को शांत रखने में मिलता है। जब हम दिनभर काम करते हैं तो दिमाग में एक साथ कई बातें चलती रहती हैं। कभी काम की चिंता होती है तो कभी घर या भविष्य को लेकर ख्याल आते रहते हैं। मेडिटेशन के दौरान कुछ समय के लिए इन बातों को हटाकर सिर्फ अपनी सांसों पर ध्यान देने की कोशिश की जाती है। इससे दिमाग को थोड़ी देर आराम मिलता है और लगातार चल रहे विचारों की रफ्तार कम होती है। जिससे मेडिटेशन करने के बाद मन हल्का और शांत महसूस होता है। मेडिटेशन डर, गुस्सा, उदासी और चिंता जैसी नकारात्मक भावनाओं से दूरी बनाने में भी मदद करता है। जब कोई व्यक्ति परेशान होता है तो वह उसी बात के बारे में बार-बार सोचता रहता है। मेडिटेशन के दौरान उसे धीरे-धीरे अपना ध्यान सांसों पर वापस लाने का अभ्यास करना होता है। रोज ऐसा करने से व्यक्ति अपने विचारों को समझना सीखता है। इससे किसी बात पर तुरंत गुस्सा करने या घबराने के बजाय शांत होकर सोचने की आदत बनती है। मेडिटेशन सकारात्मक सोच को बढ़ाने में भी मदद करता है। जब मन लगातार परेशान रहता है तो हर चीज नकारात्मक लगने लगती है। मेडिटेशन व्यक्ति को कुछ समय के लिए खुद के साथ शांत बैठने का मौका देता है। इस दौरान वह अपने विचारों को समझने की कोशिश करता है।




**मेष**-आज का दिन उत्साह और सकारात्मकता से भरा रहेगा। परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण फैसलों में आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

**वृषभ**-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना हो सकती है और पदोन्नति के अवसर बन सकते हैं।

**मिथुन**-कारोबार के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ और व्यावसायिक संबंधों में मजबूती के संकेत हैं। विद्यार्थियों को शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**-आज नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को अधिक मेहनत करनी होगी।

**सिंह**-आज का दिन उपलब्धियों और प्रसन्नता से भरा रहेगा। ऐसी सफलता मिल सकती है जिसकी आपने उम्मीद नहीं की थी। नए विचार कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत करेंगे।

**कन्या**-आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बड़े काम की शुरुआत से पहले अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना लाभकारी होगा। कारोबारियों को विशेषकर थोक व्यापार में लाभ मिल सकता है।

**तुला**-आज का दिन सामान्य से बेहतर रहेगा, लेकिन व्यापारिक मामलों में सावधानी बरतें। पुराने काम पूरे करने के साथ नई जिम्मेदारियां भी संभाल पाएंगे।

**वृश्चिक**-आज का दिन अनुकूल रहेगा। बातचीत के दौरान भावनाओं पर नियंत्रण रखें, वरना करीबी व्यक्ति नाराज हो सकता है।

**धनु**-आज का दिन विशेष रूप से शुभ रहेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। लंबे समय से अटका धन वापस मिल सकता है।

**मकर**-आज जीवन में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत हो सकती है। किसी काम को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन परिणाम संतोषजनक रहेगा।

**कुंभ**-आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना पूरी होने से राहत मिलेगी। नया काम शुरू करने वालों के लिए समय अनुकूल है। वाहन चलाते समय जरूरी कागजात साथ रखें।

**मीन**-आज का दिन शानदार रहेगा। समझदारी से लिए गए फैसले सफलता दिलाएंगे। करीबी लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। अनावश्यक चर्चाओं से दूर रहकर समय का सदुपयोग करें।

# मक्खन-मट्ठे की होली समृद्ध लोक संस्कृति का उत्सव

दयारा बुग्याल में हर वर्ष अढ़ूंडी पर्व का आयोजन होता है। भाद्रपद संक्रांति के अवसर पर अगस्त के दूसरे पखवाड़े में मनाया जाने वाला यह पर्व स्थानीय लोक संस्कृति, प्राचीन परंपरा और प्रकृति के अनूठे संगम का प्रतीक है। स्थानीय ग्रामीणों के अलावा बड़ी संख्या में पर्यटक भी इस उत्सव में शामिल होकर इस अनोखी परंपरा और लोकोत्सव के साक्षी बनते हैं। दयारा बुग्याल समुद्र तल से लगभग साढ़े ग्यारह हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। रैथल गांव के पास स्थित दयारा बुग्याल में यह पर्व हर वर्ष भाद्रपद संक्रांति (अगस्त माह के दूसरे पक्ष) को मनाया जाता है। इस पर्व का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इस अवसर पर स्थानीय लोग अपने मवेशियों की रक्षा और प्रकृति की कृपा की कामना भगवान से करते हैं।दयारा की हरी-भरी ढलानों और खुले मैदानों के बीच मनाए जाने वाले इस पर्व की विशेषता यहां खेली जाने वाली अनूठी होली है। इसमें रंगों से नहीं, बल्कि लोग एक-दूसरे पर मक्खन और मट्ठा लगाकर उत्सव मनाते हैं। यह परंपरा अढ़ूंडी पर्व को अन्य लोक पर्वों से



**दयारा बुग्याल समुद्र तल से लगभग साढ़े ग्यारह हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। रैथल गांव के पास स्थित दयारा बुग्याल में यह पर्व हर वर्ष भाद्रपद संक्रांति (अगस्त माह के दूसरे पक्ष) को मनाया जाता है। इस पर्व का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इस अवसर पर स्थानीय लोग अपने मवेशियों की रक्षा और प्रकृति की कृपा की कामना भगवान से करते हैं।दयारा की हरी-भरी ढलानों और खुले मैदानों के बीच मनाए जाने वाले इस पर्व की विशेषता यहां खेली जाने वाली अनूठी होली है। इसमें रंगों से नहीं, बल्कि लोग एक-दूसरे पर मखन और मट्ठा लगाकर उत्सव मनाते हैं।**

अलग पहचान दिलाती है। इस अवसर पर ग्रामीण मवेशियों की रक्षा, प्रकृति और देवी-देवताओं से पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी करते हैं।मक्खन और मट्ठे से होली खेलने की इस विशिष्ट परंपरा के कारण अढ़ूंडी पर्व अब बटर फेस्टिवल या मक्खन उत्सव के नाम से प्रसिद्ध है। इस दौरान लोकगीत, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर लोक नृत्य रासो और तांदी, दयारा बुग्याल के नैसर्गिक सौंदर्य के बीच यहां के वातावरण को जीवंत बना देते हैं। स्थानीय निवासी हरीश राज नौटियाल बताते हैं कि अढ़ूंडी लोक उत्सव प्राचीन काल से मनाया जा रहा है। ग्रामीण पशुओं के साथ उच्च हिमालयी क्षेत्र के बुग्यालों में जाते थे और वहां छानियों में रहते थे। श्रावण माह की समाप्ति पर घर वापसी के समय उनके पास जो दूध, दही, मक्खन और मट्ठा एकत्र होता था, उससे वे आपस में होली जैसा उत्सव मनाते थे। आज भी यह परंपरा कायम है। वे बताते हैं कि यह लोक उत्सव अब दयारा बुग्याल और रैथल गांव की सीमा से बाहर पहुंच गया है। प्रतिवर्ष यह पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता है। अढ़ूंडी पर्व केवल मनोरंजन और उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि उत्तराखंड राज्य के सीमांत जनपद उत्तरकाशी की समृद्ध लोक संस्कृति, सामुदायिक एकजुटता और प्रकृति के प्रति स्थानीय लोगों के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। हर साल बड़ी संख्या में लोगों का यहां पहुंचना इस पारंपरिक पर्व की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# बारिश से छलनी हुआ श्री नीलकंठेश्वर मंदिर मार्ग, कांवड़ियों के पांव में चुभ रही गिट्टी

## मंदिर परिसर में पेयजल संकट, खराब पड़ा वाटर कूलर; आखिरी सोमवार को उमड़ेगा हजारों शिव भक्तों का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात | पाली

सावन के आखिरी सोमवार से पहले श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले कांवड़ मार्ग की बदहाल स्थिति श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बन गई है। कुछ दिन पहले हुई झमाझम बारिश के बाद डामरीकरण सड़क जगह-जगह उखड़ गई है। सड़क पर डामर की जगह गिट्टियां दिखाई दे रही हैं, जो कांवड़ लेकर पैदल चल रहे शिव भक्तों के पांव में चुभ रही हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए करीब तीन किलोमीटर का यह सफर और भी मुश्किल हो गया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सावन को देखते हुए कांवड़ मार्गों की साफ-सफाई और उन्हें गड्ढा मुक्त रखने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए थे। इसके बाद श्री नीलकंठेश्वर मार्ग पर सड़क को गड्ढामुक्त कराया गया था, लेकिन बारिश के बाद सड़क की हालत फिर जस की तस हो गई। जगह-जगह गिट्टी उखड़ने से सड़क का सीना छलनी नजर आ रहा है।

श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सावन के दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। बीते सोमवार को भी हजारों शिवभक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने मंदिर मार्ग की बदहाल सड़क और पेयजल व्यवस्था को लेकर चिंता जताई। आगामी 24 अगस्त को सावन का आखिरी सोमवार है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित तुवन सरकार मंदिर से श्री नीलकंठेश्वर दरबार तक हिंदू संगठनों की ओर से विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा पाली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ दूरदराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में सड़क की मौजूदा हालत प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है।

मंदिर परिसर में पेयजल व्यवस्था भी श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा रही है। परिसर में लगा वाटर कूलर खराब पड़ा है। नलकूप से छोटी पानी की टंकी में पानी पहुंचता है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ के सामने यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। बिजली गुल होने पर नलकूप भी बंद हो जाता है। मंदिर परिसर में लगी टोटियों से पानी नहीं मिलने पर श्रद्धालुओं को करीब आधा सैकड़ा सीढ़ियां उतरकर प्राकृतिक जलकुंड तक जाना पड़ रहा है। बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के लिए यह परेशानी और बढ़ जाती है। जिला मुख्यालय ललितपुर से करीब 30 किलोमीटर दूर पाली कस्बे की विंध्याचल की वादियों में स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर 14वीं-15वीं शताब्दी के चंदेल कालीन स्थापत्य और शिल्पकला की अनूठी पहचान है। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को सौ से अधिक सीढ़ियों की चढ़ाई करनी पड़ती है। सीढ़ियां चढ़ने के बाद विंध्याचल की पहाड़ी पर शिखर विहीन चंदेलकालीन मंदिर के दर्शन होते हैं। मंदिर परिसर में खुले आसमान के नीचे नंदी महाराज विराजमान हैं। गर्भगृह की ओर बढ़ने पर दीवारों पर खजुराहो शैली के भित्ति चित्र दिखाई देते हैं। गर्भगृह में काले बलुआ पत्थर से निर्मित त्रिमुखी भगवान शिव की अद्भुत प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है।





### इनका कहना है

नदवानी बगीचा धर्मशाला से श्री नीलकंठेश्वर मंदिर की दूरी करीब चार किलोमीटर है। कांवड़ यात्रा की ध्यान में रख सड़क की गड्ढा मुक्त तो किया गया था लेकिन जैसे ही एक बारिश हुई तो सड़क पर कई जगह गिट्टी बिखरी नजर आती है, जिस पर मीलों दूर से पैदल चलकर आ रहे लोगों का चलना बिलकुल भी आसान नहीं है। सड़क को जल्द ठीक कराया जाए। -सुनील , स्थानीय नागरिक ।

### पीने को नहीं मिला पानी

विगत सोमवार को कांवड़ लेकर जब श्री नीलकंठ मंदिर पहुंचे तो देखा मंदिर परिसर में टंकी के नीचे लगी टोटियों में पानी नहीं था , वाटर कूलर भी खराब बना है। सीढ़ियों पर बड़ी भीड़ थी ऐसे में आधा सैकड़ा सीढ़ियों का सफर तय करने के बाद प्राकृतिक जलकुंड से लोग प्यास बुझाने पहुंच रहे थे । -मनजीत , स्थानीय नागरिक ।

# जिला बार एसोसिएशन के कवि सम्मेलन में गूंजा देशभक्ति का स्वर

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन सभागार में देशभक्ति से ओत-प्रोत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कवियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया। अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश देवलिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी जिला जज एवं एडीजे यादवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कवि रामकृष्ण कुशवाहा ने किया। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए अपनी रचना के माध्यम से कहा कि शहीदों ने कुर्बानी देकर वतन की मिट्टी का कर्ज चुकाया, तभी लाल किले पर शान से तिरंगा फहराया गया। कवि सम्मेलन में कवियों ने देशभक्ति से जुड़ी रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया। सुमनलता शर्मा चांदनी ने तिरंगे की आन-बान-शान और देश के प्रति कर्तव्य पर केंद्रित रचना प्रस्तुत की। चौधरी राजाराम खटीक ने अपनी रचना के माध्यम से अमर शहीदों का स्मरण किया। एस.आर. खान ने मेरा भारत महान गजल प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी। राधेश्याम ताम्रकार ने सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देने वाली रचना सुनाई। वहीं डॉ. खेमचंद्र वर्मा ने जर्रा-जर्रा वतन तुझे सलाम की प्रस्तुति के साथ कवि सम्मेलन का भावपूर्ण समापन किया। कार्यक्रम में एडीजे विकास कुमार, एडीजे महाजन, एडीजे, सीजेएम मयंक जायसवाल, सिविल जज रविशंकर गुप्ता, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान नेमिकुमार जैन, संतोष कुमार गोयल, बृजेन्द्र सिंह यादव, अशोक कुमार रिछारिया, राजेश दुबे डीजीसी, केएल मालवीय, कमलेश गुप्ता, प्रभाकर आचार्य, देवेन्द्र खरे, रामगोपाल अहिरवार, पर्वतलाल अहिरवार, सोनाली जैन, वैशाली जैन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सहभागिता की।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरार पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

ललितपुर। थाना गिरार पुलिस ने वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में की गई कार्रवाई में ग्राम कारीटोरन निवासी मुकेश पुत्र सुक्कन, ग्राम हंसरी टौरिया निवासी गुड्डू पुत्र नन्हे को गिरफ्तार किया गया। दोनों की गिरफ्तारी 18 अगस्त 2026 को की गई। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर ने पुलिस टीम के साथ की। गिरफ्तार वारंटियों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय भेज दिया गया।

### मजदूरी करने गए मजदूर के हरियाणा में पैसे नहीं मिले, तो घर जाकर फांसी लगा कर दी जान

ललितपुर। थाना मडावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रनगाँव निवासी 27 वर्षीय शिवराज पुत्र नरपत दिल्ली हरियाणा में रहकर मजदूरी का काम करता था और अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया है कि वह सोमवार को दिल्ली हरियाणा में मजदूरी का दो माह का काम निपटा कर घर वापस लौटकर शाम 7:30 बजे वह घर पहुंचा। बताया गया कि थोड़ी देर तो वह घर पर रुका और उसने अपने पिता को मजदूरी न मिलने की बात कही। इसके बाद हुआ है करीब 9:00 बजे घर में रखी रस्सी उठाकर निकल आया। इसी दौरान वह गांव में घूम कर बाहर की तरफ पहुंचा जहां एक पेड़ के नीचे ट्रैक्टर खड़ा हुआ था वह ट्रैक्टर पर चढ़ा और पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर लटक गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब रात्रि करीब 10:00 बजे वहां से स्थानीय ग्रामीण निकले, तो उन्होंने शिवराज को फांसी के फंदे पर लटकता देख उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पर मौके पर परिजन पहुंचे पर तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से उतरवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस दौरान मृतक के पिता ने हरियाणा में दो माह की मजदूरी का पैसा न मिलने के कारण आत्महत्या देने का हवाला दिया। बताया गया है कि मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था और उसकी शादी नहीं हुई थी।

# बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों ने शहर का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

बारिश के मौसम में नगर क्षेत्र को जलभराव की समस्या से मुक्त कराने तथा नालों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने के हेतु आज दिनांक 18 अगस्त 2026 को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम द्वारा नगर के विभिन्न जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया तथा जलभराव के कारणों को चिन्हित करते हुए उनके स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की।

निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा विशेष रूप से नालों पर हुए अतिक्रमण, नालों के स्वरूप में किए गए परिवर्तन तथा उनमें डाले जा रहे गोबर, पॉलीथिन एवं अन्य घरेलू कचरे की स्थिति का जायजा लिया गया। नालों पर अतिक्रमण कर उनका स्वरूप परिवर्तित किए जाने के कारण कई स्थानों पर जल निकासी बाधित होने की बात सामने आई। इस पर संबंधित भवन स्वामियों एवं अतिक्रमण कर्ताओं से उनके भूमि एवं निर्माण संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त टीम ने सर्वप्रथम नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 09, मोहल्ला सिविल लाइन में बजाज क्लब के पीछे स्थित क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां जल निकासी की व्यवस्था का जायजा लेते हुए टीम ने मौके पर मौजूद स्थिति का अवलोकन किया तथा नाले के आसपास की व्यवस्थाओं को देखा। इसके पश्चात टीम द्वारा वार्ड नंबर 12, मोहल्ला आजादपुरा, वार्ड नंबर 21, मोहल्ला तालाबपुरा तथा वार्ड नंबर 24, मोहल्ला लक्ष्मीपुरा, अटा मंदिर के सामने वाली गली में पहुंचकर जलभराव एवं जल निकासी की स्थिति का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर जल निकासी में आ रही बाधाओं को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों स्थानीय लोगों द्वारा नालों एवं नालियों पर अतिक्रमण कर उनके मूल स्वरूप में परिवर्तन कर दिया गया है। कहीं नालों को ढक दिया गया है तो कहीं उनके प्रवाह क्षेत्र को प्रभावित किया गया है। इसके अलावा नालियों एवं नालों में गोबर, पॉलीथिन, घरेलू कचरा एवं अन्य सामग्री डाले जाने के कारण भी जल निकासी प्रभावित हो रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नालों एवं नालियों का अवरुद्ध होना बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति को गंभीर बनाता है। ऐसे में नगरवासियों की जिम्मेदारी है कि वे नालों में किसी भी प्रकार का कचरा, पॉलीथिन, गोबर अथवा घरेलू सामग्री न डालें और नालियों के प्रवाह को बाधित न करें। निरीक्षण के दौरान नालों पर अतिक्रमण पाए जाने वाले भवन स्वामियों एवं संबंधित लोगों से उनके भूमि एवं भवन संबंधी अभिलेख मांगे गए, ताकि अभिलेखों का परीक्षण कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जा सके और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए नालों की भूमि एवं उनके प्राकृतिक प्रवाह क्षेत्र को सुरक्षित रखना आवश्यक है। अधिकारियों ने नगरवासियों से अपील की कि नालियों एवं नालों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न ही उनमें कूड़ा-कचरा, पॉलीथिन, गोबर या अन्य घरेलू सामग्री डालें। नालों को साफ एवं अतिक्रमण मुक्त रखना जलभराव की समस्या से निपटने में महत्वपूर्ण है। नगर पालिका द्वारा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसमें नगरवासियों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर भानुप्रताप सिंह, नायब तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार विश्वकर्मा, पार्षद अमरदीप रजक, अवर अभियंता खुशबू खान, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, नजूल लिपिक सुधीर रावत सहित राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जिला राठौर क्षत्रिय समाज के मंत्रिमंडल का विस्तार



## दुर्गादास राठौर की प्रतिमा अनावरण और सामूहिक विवाह पर बनी रूपरेखा

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिला राठौर क्षत्रिय समाज की बैठक जिलाध्यक्ष चन्द्र शेखर राठौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज के संगठन को मजबूत करने के साथ आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समाज के गौरव वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के भव्य अनावरण तथा आगामी वर्ष अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रस्तावित विशाल राठौर आदर्श सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में बताया गया कि वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा पुराने मोटर स्टैंड के पास स्थापित की जा रही है। प्रतिमा के भव्य अनावरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की गई। वहीं 9 मई 2027, अक्षय तृतीया के अवसर पर विशाल राठौर आदर्श सामूहिक विवाह आयोजित करने को लेकर भी आवश्यक तैयारियों और जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। समाज को और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला राठौर समाज के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। कुछ पुराने पदाधिकारियों के विभागों में फेरबदल किया गया, जबकि कुछ नए चेहरों को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा जिला ऑडिटर के पद पर भी नए पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। समाज के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी समाज की एकता, संगठन की मजबूती और आगामी सामाजिक एवं मंगल कार्यक्रमों को सफल बनाने में तन-मन-धन से योगदान देंगे। बैठक में सुरेन्द्र कुमार राठौर ठेकेदार को जिला संयोजक बनाया गया। रामसिंह राठौर ठेकेदार, रघुवीर राठौर नाराहट और रतनलाल राठौर डोंगरा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में विनय राठौर रामनगर को जिला मंत्री, नरेन्द्र राठौर नाराहट को प्रबंधक, मनोज राठौर ऑफसेट को जिला प्रचार मंत्री, रघुवीर राठौर रामनगर को जिला ऑडिटर तथा अजय राठौर बाड़ा को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि शेष मंत्रिमंडल पूर्ववत कार्य करता रहेगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने तथा समाज की एकता और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यह जानकारी जिला राठौर समाज के मीडिया प्रभारी शिब्बू राठौर पत्रकार ने दी।

# प्राथमिक विद्यालय तेरा में बच्चों का हुआ एमआर टीकाकरण

## नियमित टीकाकरण के लिए किया प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



विकासखंड बिरधा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तेरा में महानिदेशक परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विशेष टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों का मीजल्स-रूबेला (एमआर) टीकाकरण कराया गया। अभियान के दौरान कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को एमआर वैक्सीन की खुराक दी गई। विद्यालय में आयोजित विशेष टीकाकरण सत्र के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम के माध्यम से 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए पर्याप्त मात्रा में एमआर वैक्सीन, सीरिज, एनाफाइलेक्सिस किट सहित आवश्यक लॉजिस्टिक की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों का टीकाकरण करने के साथ ही अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ को नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा सभी से बच्चों का टीकाकरण समय पर कराने की अपील की।

एएनएम मंजू सेन ने कहा कि बच्चों को गंभीर संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है। वहीं भगवत सिंह बैंस ने कहा कि एमआर वैक्सीन बच्चों को मीजल्स और रूबेला जैसी बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शासन की मंशा के अनुरूप जिले के विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों का टीकाकरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर एएनएम मंजू सेन, सीएचओ आराम सिंह, भगवत सिंह बैंस, रीतेश यादव, अंजली नायक, सरोज, हरवाई सहित विद्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे। अभियान के दौरान बच्चों एवं उपस्थित लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक भी किया गया।

# जिलाधिकारी ने दिवंगत होमगार्ड चंदन सिंह की पत्नी को सौंपा 35 लाख का चेक

» एक्सिस बैंक और होमगार्ड विभाग की सहायता से परिवार को मिला आर्थिक संबल

» तालबेहट में ड्यूटी करते समय होमगार्ड की हुई थी मौत




स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले होमगार्ड जवान चंदन सिंह के परिवार को मंगलवार को बड़ी आर्थिक सहायता मिली। जिलाधिकारी ललितपुर सत्य प्रकाश ने एक्सिस बैंक के अधिकारियों एवं होमगार्ड विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में दिवंगत चंदन सिंह की पत्नी राजकुमारी को कुल 35 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। इस अवसर पर एक्सिस बैंक की ओर से क्लस्टर हेड पंकज त्यागी एवं ब्रांच मैनेजर आकाश साहू सहित बैंक के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं होमगार्ड विभाग की ओर से कमांडेंट ऑफिसर प्रभात कुमार की मौजूदगी में सहायता राशि प्रदान की गई।बताया गया कि होमगार्ड विभाग द्वारा परिवार को पूर्व में 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जा चुकी थी। वहीं दिवंगत होमगार्ड का बैंक खाता पुलिस सैलरी पैकेज (PSP) के अंतर्गत आच्छादित होने के कारण एक्सिस बैंक की ओर से 30 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। दोनों राशियों को मिलाकर परिवार को कुल 35 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई।

जानकारी के अनुसार होमगार्ड जवान चंदन सिंह ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के लिए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा परिवार को सहायता राशि सौंपे जाने के दौरान अधिकारियों ने दिवंगत होमगार्ड के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। आर्थिक सहायता मिलने से शोकाकुल परिवार को कठिन समय में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड पंकज त्यागी, ब्रांच मैनेजर आकाश साहू तथा होमगार्ड विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# बड़ोखरा में डेंगू-मलेरिया के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, घर-घर चलाया गया लार्वा नष्ट अभियान

**ललितपुर**। जनपद के विकासखंड बार के ग्राम बड़ोखरा में पिछले दिनों डेंगू और मलेरिया के अधिक मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। लखनऊ-झांसी-ललितपुर संक्रामक रोग नियंत्रण की संयुक्त टीम ने आसपास की ग्राम पंचायतों की आशा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गांव में विशेष अभियान चलाया। टीम द्वारा टोलियां बनाकर घर-घर जाकर लोगों को मच्छर लार्वा से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही टूटे-फूटे बर्तन, घड़ा, टायर सहित लार्वा प्रजनन के संभावित स्रोतों को मौके पर नष्ट किया गया। इस दौरान मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड और चिकनगुनिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर-टंकी को हर सप्ताह साफ करें और पूरी बांह के कपड़े पहनें। निरीक्षण टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. सोनी, जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केतन कुमार, मलेरिया इंस्पेक्टर अजब सिंह, बीसीपीएम रामकुमार गौतम, हरिश्चंद्र, सुशील कुमार, प्रहलाद भारती, पवन कुमार सहित राज्य स्तर से आई टीम शामिल रही। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि बड़ोखरा और आसपास के गांवों में अगले 15 दिन तक निगरानी जारी रहेगी।

## सड़क पर रस्सा बांधकर लकड़ी लादना पड़ा भारी

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दैलवारा में नवोदय विद्यालय के पास सड़क पर कथित रूप से रस्सा बांधकर ट्रैक्टरों में लकड़ी लादने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क से बाइक लेकर गुजर रहे युवक की गर्दन रस्से में फंस गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने छह लोगों पर सड़क पर रस्सा बांधकर लकड़ी लादने और हादसे के बाद शव को सड़क से खींचकर किनारे डालकर मौके से भाग जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दैलवारा निवासी राजो पत्नी रमेश अहिरवार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति रमेश पुत्र प्यारेलाल 17 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 1.30 बजे ललितपुर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नवोदय विद्यालय के पास वह सड़क से मोटरसाइकिल लेकर गुजर रहे थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मौके पर गांव के ही ठेकेदार बादाम सिंह पुत्र बृजभान सिंह लोधी, रच्चू पुत्र पप्पू कुशवाहा, बाबू पुत्र ननु कुशवाहा, आशीष पुत्र गजराज लोधी, हरी पुत्र भगवानदास लोधी और कैलाश पुत्र रामदीन कुशवाहा ट्रैक्टरों में कथित रूप से लकड़ी लाद रहे थे। आरोप है कि एक ट्रैक्टर सड़क के एक तरफ और दूसरा ट्रैक्टर दूसरी तरफ खड़ा किया गया था। दोनों के बीच सड़क पर रस्सा बांधकर लकड़ी लादने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान रमेश मोटरसाइकिल से वहां से गुजरे तो अचानक उनकी गर्दन सड़क पर बंधे रस्से में फंस गई। रस्से में गर्दन फंसने के बाद रमेश मोटरसाइकिल समेत नीचे गिर पड़े। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## एडवांस लेकर लाइट फिटिंग का काम अधूरा छोड़ने का आरोप, विरोध पर महिला को धमकी

9 हजार में तय हुआ था काम, 5,200 रुपये लेने के बाद काम पूरा न करने का आरोप

ललितपुर। शहर क्षेत्र के कटरा बाजार निवासी गुणमाला जैन पत्नी सुरेश कुमार जैन ने लाइट फिटिंग का काम अधूरा छोड़ने और विरोध करने पर कथित रूप से गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए जाखौरा चौकी प्रभारी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा बिजली फिटिंग का अधूरा काम पूरा कराने की मांग की है। शिकायत के अनुसार करीब पांच माह पूर्व 20 फरवरी 2026 को उनके वेयर हाउस में लाइट फिटिंग का कार्य कराने के लिए ग्राम अधियारी निवासी नीतीश कुशवाहा और रामराजा कुशवाहा से 9 हजार रुपये में काम तय हुआ था। आरोप है कि दोनों ने 5 हजार रुपये एडवांस के रूप में ले लिए और कुछ काम करने के बाद कार्य अधूरा छोड़ दिया। इसके बाद दीवार पर प्लास्टर भी करा दिया गया, लेकिन मिस्त्रियों द्वारा लगातार काम पूरा करने के लिए टालमटोल की जाती रही। पीड़िता ने शिकायती पत्र में बताया कि इसी दौरान उन्होंने उक्त मिस्त्रियों से वेयर हाउस के दूसरी ओर अंडरग्राउंड लेंटेल फिटिंग का कार्य भी कराया था। आरोप है कि यह फिटिंग भी खराब हो गई। पीड़िता के अनुसार फिटिंग के दौरान किसी स्थान पर निशान नहीं बनाए जाने के कारण अब दूसरे बिजली मिस्त्री भी काम करने में परेशानी जता रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी अब उसका फोन नहीं उठा रहे हैं। उनके अनुसार आरोपियों ने कुल 5,200 रुपये लिए हैं, जिसमें 5 हजार रुपये एडवांस और 200 रुपये अन्य भुगतान शामिल हैं। आरोप है कि दूसरे नंबर से फोन करने पर महिला के साथ कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है तथा जान से मारने की धमकी दी जाती है। वेयर हाउस की संचालक गुणमाला जैन ने चौकी प्रभारी जाखौरा से मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने पुलिस से बिजली फिटिंग का कार्य पूरा कराने तथा उनके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार और धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है।

## खोया मोबाइल बरामद कर स्वामी को लौटाया, चेहरे पर लौटी मुस्कान

ललितपुर। थाना मड़ावरा पुलिस ने तकनीकी मदद से करीब 14,999 रुपये कीमत का खोया हुआ रियलमी मोबाइल फोन बरामद कर उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में पुलिस ने पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई की। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करने के बाद प्राप्त तकनीकी डेटा का विश्लेषण कर मोबाइल की लोकेशन संबंधी जानकारी जुटाई गई और फोन बरामद कर लिया गया। बरामदगी करने वाली टीम में निरीक्षक चन्द्रपाल और हेड कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# डीएम सत्य प्रकाश की निरंतर जनसुनवाई में मौके पर ही हो रहा समस्याओं का समाधान

» लंबित मामलों के निस्तारण के लिए ऑनिटरिंग ऑर फॉलोअप पर जिला प्रशासन का है फोकस

» जनसुनवाई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन से आम लोगों में प्रशासन के प्रति बढ़ रहा है विश्वास

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सिंह द्वारा जनसुनवाई प्रक्रिया को लगातार मजबूत किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होने वाली नियमित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं, जहां अधिकारियों द्वारा उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर तत्काल समाधान के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही शिकायतों की मॉनिटरिंग और फॉलो-अप पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लंबित मामलों को जल्द से जल्द समाप्त किया जा सके। जनसुनवाई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन से आम लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ रहा है और लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, विद्युत समस्या, पेयजल संकट, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलना और राजस्व से जुड़े मामलों की अधिक संख्या देखने को मिल रही है। जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं, जिससे शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को त्वरित न्याय और राहत देना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनसुनवाई के माध्यम से अब उनकी आवाज सीधे प्रशासन तक पहुंच रही है और समयबद्ध तरीके से कार्रवाई भी देखने को मिल रही है। इससे ललितपुर में प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सशक्त होती नजर आ रही है।

# कैलगुवां चौराहे पर ट्रैक्टर मिस्त्री को रास्ते में रोककर पीटा, सिर में आई चोट

» गाड़ी हटाने को कहने पर भड़का आरोपी

» गाली-गलौज के बाद मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र के कैलगुवां चौराहा के पास ट्रैक्टर सुधारने वाले एक मिस्त्री के साथ रास्ते में गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ते में वाहन खड़ा कर मार्ग रोकने का विरोध करने पर नामजद आरोपी ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में चोट आई। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बानपुर के ग्राम टपरियन निवासी अरविन्द यादव पुत्र आशाराम की कैलगुवां चौराहे पर ट्रैक्टर सुधारने की दुकान है। अरविन्द ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 अगस्त 2026 की सुबह करीब 10:30 बजे वह अपनी गाड़ी लेकर दुकान के लिए जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में रोली उर्फ प्रताप रजक पुत्र कल्लू उर्फ कैलाश रजक, निवासी मोहल्ला रावतयाना बंध, कोतवाली ललितपुर, ने अपनी गाड़ी उनकी गाड़ी के सामने लगा दी और रास्ता रोक दिया। अरविन्द ने जब आरोपी से गाड़ी हटाकर रास्ता देने को कहा तो वह कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में अरविन्द के सिर में चोट लगने की बात कही गई है। आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और इसके बाद मौके से फरार हो गया। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# जिला चिकित्सालय के बाहर से मां के इलाज को आए युवक की बाइक चोरी

» सुरक्षा कर्मियों ने पार्किंग के बजाय गेट के बाहर खड़ी कराई थी मोटरसाइकिल

» इलाज के बाद लौटे तो गायब मिली, कोतवाली में मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिला चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज) में मां का उपचार कराने आए एक युवक की मोटरसाइकिल अस्पताल के बाहर से चोरी हो गई। युवक का आरोप है कि अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने उसकी बाइक को पार्किंग के अंदर खड़ा कराने के बजाय गेट के बाहर ही खड़ा करवा दिया था। उपचार कराने के बाद जब वह वापस लौटा तो बाइक मौके से गायब थी। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरी गई मोटरसाइकिल की तलाश शुरू कर दी है। थाना बार के ग्राम व पोस्ट नगारा निवासी रतन लाल पुत्र बन्दू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 4 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 1.30 बजे अपनी बीमार मां का उपचार कराने के लिए जिला चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेज आया था। रतन लाल के अनुसार, वह अपनी मोटरसाइकिल लेकर अस्पताल पहुंचा था। आरोप है कि वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसकी बाइक को पार्किंग के अंदर खड़ा कराने के बजाय अस्पताल के गेट के बाहर ही खड़ा करवा दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह अपनी मां को लेकर अस्पताल के अंदर उपचार कराने चला गया। उपचार के बाद जब वह वापस बाहर आया तो गेट के पास खड़ी उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। चोरी हुई मोटरसाइकिल डीलक्स मॉडल की है, जिसका पंजीकरण नंबर यू.पी. 94 एस 1849 बताया गया है। वाहन उसके पिता के नाम पर पंजीकृत बताया गया है। रतन लाल ने घटना की जानकारी तत्काल जिला चिकित्सालय चौकी को दी थी। आरोप है कि तत्काल मुकदमा दर्ज न होने के बाद उसने कोतवाली पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विधायक मिलन दास की पहल पर हैलाकांडी-काटलीछड़ा में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग

## काटलीछड़ा में ट्रेन ठहराव से हैलाकांडी-बेंगलुरु सीधी रेल सेवा तक, विधायक ने उठाईं अहम मांगें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि:** हैलाकांडी और काटलीछड़ा क्षेत्र में रेल संपर्क तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर विधायक मिलन दास की पहल पर स्थानीय प्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे (Northeast Frontier Railway) के महाप्रबंधक से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की लंबे समय से लंबित विभिन्न रेल संबंधी मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान का आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने काटलीछड़ा रेलवे स्टेशन पर शिलचर सैरांग कोलकाता ट्रेन का ठहराव देने की मांग प्रमुखता से रखी। साथ ही, हैलाकांडी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का समय कम से कम पांच मिनट बढ़ाने का अनुरोध किया गया, ताकि यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को ट्रेन में चढ़ने-उतरने में पर्याप्त सुविधा मिल सके। हैलाकांडी से बेंगलुरु सीधी ट्रेन की मांग क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग हैलाकांडी से बेंगलुरु के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की भी है। प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे महाप्रबंधक के समक्ष इस मांग को रखते हुए कहा कि सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से छात्र-छात्राओं, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों और आम यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे दक्षिण भारत के साथ क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। स्टेशन की यात्री सुविधाओं में सुधार पर जोर बैठक के दौरान हैलाकांडी रेलवे स्टेशन के यात्री सुविधाओं एवं आधारभूत ढांचे के विकास का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन पर पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, बेहतर यात्री विश्राम कक्ष, स्वच्छ एवं सुविधाजनक शौचालय तथा अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक रुख व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि इन मांगों पर आगे सकारात्मक कार्रवाई होने से हैलाकांडी और काटलीछड़ा क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल संपर्क एवं यात्री सुविधाओं का लाभ मिलेगा। जनहित के मुद्दों को लेकर प्रयास जारी रहेगा. इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान हैलाकांडी नगरपालिका के अध्यक्ष मानब चक्रवर्ती, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार दास तथा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वपन भट्टाचार्य सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्थानीय प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र की जनता की जायज मांगों और व्यापक जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रयास लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बेहतर रेल संपर्क को हैलाकांडी-काटलीछड़ा के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए क्षेत्रवासियों के हित में आवश्यक कदम उठाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। काटलीछड़ा में ट्रेन ठहराव, हैलाकांडी-बेंगलुरु सीधी रेल सेवा तथा हैलाकांडी रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की मांग को लेकर हुई यह पहल क्षेत्र में बेहतर रेल संपर्क और यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# दक्षिण भैरबपुर फुटबॉल टूर्नामेंट को 2-0 गोल की मुकाबले में राइजिंग स्टार ने अपनी नाम किया

## फुटबॉल क्लब ने गत 2002 से हर साल 15 अगस्त को एक फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करता आ रही है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**धेमाजी असम।** युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों से दूर रखना और उन्हें खेलों के ज़रिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना, खेल के प्रति आग्रह पैदा के उद्देश्य को आगे रखकर दक्षिण भैरवपुर आंचलिक फुटबॉल क्लब ने गत 2002 से हर साल 15 अगस्त को एक फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करता आ रही है।

**2026 के इस फुटबॉल टूर्नामेंट में बृहत्तर सिलापथार**

इलाके की 14 फुटबॉल टीमें ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। टूर्नामेंट 15 अगस्त को शुभारम्भ किया गया था। आज 18 अगस्त चार दिन तक चले, आज बालीगांव की राइजिंग स्टार एफ चि ने माजरबारी एफ चि को 2-0 गोल में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर दक्षिण भैरबपुर ए टीम में करेंग बस्ती एफ चि को प्लांटिक गोल के जरिए हराकर फाइनल में जगह बनाई। शाम 4 बजे रोमांच और गर्मजोशी के साथ नॉर्थ बालीगांव एफ चि बनाम दक्षिण भैरबपुर ए टीम के बीच खेला गया। खेल की प्रथम अर्ध में दक्षिण भैरवपुर ए टीम के 1-0 गोल देकर आगे रहे राइजिंग स्टार एफ चि। विराम के बाद फिर से दक्षिण भैरवपुर ए टिम को 1गोल देखकर 2-0 की मुकाबले में राइजिंग स्टार एफ चि ने जीत कर टूर्नामेंट को अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण अनुष्ठान में आयोजकों ने विजयी टीम को 18 किलो वज़न की एक बकरा ओर ट्रॉफी से सम्मानित किया।रनर-अप को छह हंस के साथ एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और दोनों सेमी-फ़ाइनलिस्ट को एक एक बॉयलर मुर्गा देकर सम्मानित किया। आज अंतिम दिन के फाइनल खेल देखने इलाके की 10 हजारों से अधिक लोग इकट्ठा हुए।

# कबाड़ कारोबारियों पर पुलिस का शिकंजा, चोरी का सामान खरीदने और कबाड़ जलाने पर सख्ती

## सड़क पर कबाड़ रखने और यातायात बाधित करने पर भी होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना।** पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना ने शहर में संचालित और नई खुलने वाली कबाड़ की दुकानों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। चोरी का सामान और वाहन खरीदने-बेचने, कबाड़ जलाकर प्रदूषण फैलाने तथा सड़कों पर सामान रखकर यातायात बाधित करने की शिकायतों के बाद पुलिस ने यह कदम उठाया है। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले कबाड़ कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल सीपी रुपिंदर सिंह ने बताया कि शहर के विभिन्न इलाकों में कुछ कबाड़ियों द्वारा खरीद-फरोख्त का रिकॉर्ड रखे बिना तार, ट्रांसफार्मर, दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहन खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। आशंका है कि असामाजिक तत्व चोरी का सामान और वाहन कबाड़ में बेचते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक और तार खुले में जलाने से वायु प्रदूषण फैलने तथा सड़कों पर कबाड़ रखने से यातायात बाधित होने की शिकायतें भी मिली हैं।

**कबाड़ कारोबारियों के लिए प्रमुख निर्देश**

1- प्रत्येक कबाड़ी को विशेष रजिस्टर रखना होगा। इसमें सामान खरीदने-बेचने वाले व्यक्ति का नाम, पता, संपर्क नंबर और सामान का पूरा विवरण दर्ज करना अनिवार्य होगा।

2- रजिस्टर प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में संबंधित जोन के एडीसीपी के समक्ष जांच और सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना होगा।

3- पुरानी या कबाड़ गाड़ियां खरीदने वाले कारोबारियों को संबंधित आरटीओ कार्यालय में जाकर वाहनों का पंजीकरण रद्द करवाना होगा।

4- सभी पुरानी और नई कबाड़ दुकानों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बिजली बोर्ड, अग्निशमन विभाग और नगर निगम से आवश्यक अनुमति व अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।

5- अनधिकृत या चोरी का सामान खरीदने-बेचने पर पूरी तरह रोक रहेगी।

6- कबाड़, प्लास्टिक या तार खुले में जलाने पर प्रतिबंध रहेगा।

पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले कबाड़ कारोबारियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है।

# हाई कोर्ट के निर्देशों के तहत अबलोवाल में सड़क निर्माण जल्द होगा पूरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटियाला।** पटियाला के डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने नगर निगम के अधिकारियों को माननीय हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार अबलोवाल में चल रहे सड़क के काम को पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि शहर में चल रहे डेयरी फार्मों को अबलोवाल में शिफ्ट करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जा सके। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि अबलोवाल में डेयरी किसानों को शिफ्ट करने के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित करना जरूरी है। इसे देखते हुए, सड़क का काम प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए, ताकि डेयरी किसानों को वहां शिफ्ट करने में कोई रुकावट न आए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आपस में तालमेल बिठाकर काम करें और निर्माण कार्य की लगातार निगरानी करें और काम की क्वालिटी के साथ-साथ उसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि शहर में तय जगह पर डेयरी फार्म शिफ्ट करने से शहर के अलग-अलग इलाकों में सफाई, ट्रैफिक और पर्यावरण से जुड़ी दिक्कतों को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन शहर के लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं देने के लिए लगातार कोशिश कर रहा है और अबलोवाल में डेयरी किसानों को शिफ्ट करना भी इसी दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि वे माननीय कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का पूरी तरह पालन करें और अबलोवाल में जरूरी काम बिना किसी देरी के पूरा करें। उन्होंने कहा कि सड़क का काम पूरा होने के बाद डेयरी किसानों को अबलोवाल शिफ्ट करने की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए ताकि यह मामला जल्द सुलझ सके। गौरतलब है कि हाई कोर्ट ने नगर निगम को निर्देश दिया है कि वह सड़क का काम पूरा होने के बाद डेयरी मालिकों से डेयरी शिफ्ट करने के लिए कहे। नगर निगम ने कहा कि यह काम आने वाले कुछ हफ्तों में पूरा होने की उम्मीद है। इस मौके पर नगर निगम की एडिशनल कमिश्नर सिमरप्रीत कौर भी मौजूद थीं। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर को अबलोवाल में चल रहे कामों के बारे में बताया और उन्हें समय पर काम पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी बताया।

# लुधियाना पहुंची टॉर्च रैली, गुरु नानक स्टेडियम में हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना।** पंजाब सरकार और खेल विभाग की ओर से आयोजित किए जा रहे स्पोर्ट्स होमलैंड पंजाब-2026 के तहत टॉर्च मार्च के लुधियाना पहुंचने पर गुरु नानक स्टेडियम में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (जे) शिखा भगत ने मशाल ग्रहण की और खिलाड़ियों से 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने का आह्वान किया। जिला खेल अधिकारी मंदीप कौशल ने बताया कि पंजाब सरकार की गाइडलाइंस के तहत टॉर्च रिले की शुरुआत 12 अगस्त को संगरूर जिले से हुई थी। मशाल को बरनाला-लुधियाना सीमा पर लुधियाना जिले के गांव दधाहूर में जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षकों, सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दधाहूर के प्रधानाचार्य और स्टाफ ने प्राप्त किया। इसके बाद मशाल लुधियाना के फुहारा चौक पहुंची, जहां से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने इसे सम्मानपूर्वक गुरु नानक स्टेडियम पहुंचाया। यहां अतिरिक्त उपायुक्त शिखा भगत ने मशाल ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों से 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। जिला खेल अधिकारी मंदीप कौशल ने खिलाड़ियों को 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पंजाब बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव तेजा सिंह धालीवाल, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सुखदेव सिंह पन्नू, तीन बार राष्ट्रमंडल चैंपियन रहे भारोत्तोलक परवेश चंद्र शर्मा, अंतरराष्ट्रीय एथलीट प्रेम सिंह समेत विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद रहे। बाद में मशाल को मालेरकोटला-लुधियाना सीमा पर गांव पोहिर में मालेरकोटला जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षकों ने सम्मानपूर्वक प्राप्त किया।

# सेंट्रल जेल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता सेमिनार और काउंसलिंग कैंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला।** भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत सेंट्रल जेल पटियाला में जागरूकता सेमिनार और काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल में बंद कैदियों और बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। जेल अधीक्षक गुरचरण सिंह धालीवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी डॉ. रमा ने कैदियों को नशे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने नशे से दूर रहने और नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कैदियों और जेल कर्मचारियों को नशामुक्त जीवन जीने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ भी दिलाई गई। जेल अधीक्षक गुरचरण सिंह धालीवाल ने कहा कि पंजाब के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जेल) आर.के. जायसवाल के निर्देशों के अनुसार प्रदेश की जेलों को नशामुक्त रखने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। साथ ही कैदियों के मानसिक और सामाजिक सुधार के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में पंजाब जेल ओलंपिक्स का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश की सभी जेलों के कैदियों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। इसके अलावा कौशल विकास के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के सहयोग से विभिन्न पाठ्यक्रम भी करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। सेमिनार के दौरान 'सिख्या दाता' कार्यक्रम के तहत विभिन्न कक्षाओं के सेमेस्टर उत्तीर्ण करने वाले कैदियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त अधीक्षक अर्पणजोत सिंह और जयदीप सिंह, उप अधीक्षक आदर्शपाल सिंह तथा सहायक अधीक्षक गुरजिंदर सिंह मौजूद रहे।

# बठिंडा पुलिस ने अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई, और शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बठिंडा।** बठिंडा पुलिस की ओर से एक विदाई समारोह आयोजित कर एसपी सिटी नरिंदर सिंह और एसपी इन्वेस्टिगेशन जसमीत सिंह साहीवाल को उनकी नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बठिंडा ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके भविष्य के लिए सफलता की कामना की। बठिंडा पुलिस विभाग ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व में कई सफल अभियानों और जनहित से जुड़ी पहलों को प्रभावी ढंग से संचालित किया गया। नरिंदर सिंह ने अपनी रणनीतिक कार्यशैली और लोगों से बेहतर संवाद के माध्यम से पुलिस तथा आम जनता के बीच विश्वास मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयासों की विभाग ने सराहना की। वहीं, जसमीत सिंह साहीवाल ने जांच कार्य में अपनी दक्षता और गंभीरता के साथ कई महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाने में योगदान दिया। उनके कार्य करने के तरीके और पेशेवर रवैये की सहकर्मियों तथा आम लोगों ने भी सराहना की। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों के साथ बिताए कार्यकाल को याद किया और उनके योगदान की प्रशंसा की। बठिंडा पुलिस ने कहा कि दोनों अधिकारियों का समर्पण, अनुशासन और पेशेवर कार्यशैली विभाग के लिए प्रेरणादायक रहेगी। नई जिम्मेदारियां संभालने जा रहे नरिंदर सिंह और जसमीत सिंह साहीवाल को बठिंडा पुलिस ने उज्ज्वल भविष्य और सफलता की शुभकामनाएं दीं। विभाग ने कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे भी पूरी निष्ठा से जारी रखेगा।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## BSNL कार्यालय में नहीं फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज उपभोक्ताओं में भी नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रगान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, कविता, नाटक और प्रभात फेरी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुल्लभछड़ा वन विभाग के बीट कार्यालय में बीट अधिकारी आसपाक उद्दीन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर फकर उद्दीन, कृष्णपद मालाकार और अर्जुन शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं, दुल्लभछड़ा डाकघर में कर्मचारियों ने ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। निजी शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर समारोह को आकर्षक बना दिया। कई मामलों में निजी संस्थानों द्वारा सरकारी संस्थानों की तुलना में अधिक व्यापक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुल्लभछड़ा में स्थापना काल से ही टेलीकॉम विभाग का कार्यालय रहा है, जिसका बाद में नाम बदलकर भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) कर दिया गया। क्षेत्र में क्क्स्हरुके बड़ी संख्या में उपभोक्ता हैं और रिचार्ज एवं अन्य सेवाओं से जुड़े कार्यों के माध्यम से सैकड़ों लोगों की आजीविका भी जुड़ी हुई है। इसके बावजूद दुल्लभछड़ा स्थित BSNL कार्यालय में इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया। स्थानीय विशिष्ट नागरिकों ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सवाल उठाया है कि सरकारी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर ध्वजारोहण क्यों नहीं किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले में संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही, लंबे समय से नेटवर्क सेवा प्रभावित रहने को लेकर बीएसएनएल उपभोक्ताओं में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है अब देखना है सरकार और अधिकारी इस पर क्या कार्रवाई करती है।

# खत्री धर्मशाला में सावनी तीज महोत्सव का आयोजन



**कानपुर।** आज खत्री धर्मशाला बिरहाना रोड में विधायक सलिल विश्नोई के नेतृत्व में आर्य नगर विधान सभा क्षेत्र की भाजपा महिला कार्यकर्ताओं द्वारा 'सावनी - तीज महोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने झूला झूलकर, चाट-पकौड़े खाकर खूब मौज-मस्ती की और नृत्य, गीत-संगीत का जमकर आनन्द लिया। महोत्सव में मेंहदी, तीजा थाली की सजावट, सावनी गीत गायन की प्रतियोगिता भी हुई और विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सलिल विश्नोई, रोचना विश्नोई, सन्ध्या मिश्रा, कोमल जायसवाल, ममता तिवारी, उमा ओमर, मीरा गर्ग, नैना गु्प सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# तहसील समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं फरियाद, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** नवाबगंज तहसील समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह पहुंची साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद मिश्रा के पहुंचने पर तहसील दिवस में फरियादियों की भीड़ जुटी यहां पर आई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए एडीएम प्रशासन ने अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए। और कहा तहसील दिवस की शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण किया जाए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी यहीं पर किसानों की समस्या लेकर किसान यूनियन के लोगों ने भी अपना शिकायती पत्र किसानों से संबंधित सोपा यहीं पर विकासखंड भरपुरा की महिलाओं ने भी सामूहिक रूप से प्रार्थना पत्र देकर गांव नकटी में शराब की भट्टी से हो रही समस्याओं को लेकर शिकायती पत्र दिया। और उन्होंने कहा इस शराब की भट्टी को गांव से बाहर हटाकर कहीं स्थापित किया जाए इसकी वजह से गांव में बच्चे बूढ़े सभी शराब पीना सीख गए हैं जिसके कारण परिवारों का जीना दुबर हो गया है इस को लेकर एडीएम प्रशासन ने दिया जांच का प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया को सौंप दी। और कहा जांच करके रिपोर्ट दें तभी अग्रिम कार्रवाई होगी इसी तरह चकमार्गों पर कब्जे आदि की शिकायतें रही यहीं पर पुलिस से संबंधित मामलों में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा ने सभी मामलों में तुरंत कार्यवाही करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया यहां पर उपस्थित एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा। उप जिला अधिकारी सचिन यादव तहसीलदार अभिषेक तिवारी नायब तहसीलदार शोभित चौधरी खंड विकास अधिकारी नवाबगंज महेश चंद्र शाक्य भदपुरा ईशा हर्षिता अग्निहोत्री खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया वेद सिंह नवाबगंज अरुण कुमार श्रीवास्तव हाफिजगंज के साथ अन्य विभागों के लोग उपस्थित थे यहां पर आई शिकायतों का निस्तारण करने के लिए एडीएम प्रशासन ने सभी विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही पूर्व आयोजित हुए तहसील दिवस में जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देशों की भी समीक्षा की गई।